**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 25 – 28 |
| आर्द्रता | 92% |
| सूर्योदय: 4:52 | सूर्यास्त: 18:23 |


विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, आषाढ़ कृष्णपक्ष सप्तमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये




भारत भाषाओं के आधार पर विभाजन बर्दाश्त नहीं कर सकता: उपराष्ट्रपति धनखड़ पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : 'मैं' श्रेष्ठ हूं, यह आत्मविश्वास है, लेकिन सिर्फ 'मैं' ही श्रेष्ठ हूं. यह अहंकार है।


RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


# हाई कोर्ट ने बंगाल सरकार की ओबीसी आरक्षण अधिसूचना पर लगाई अंतरिम रोक

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल सरकार की नई ओबीसी अधिसूचना पर भी अंतरिम रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने यह स्पष्ट किया कि यह स्थगनादेश 31 जुलाई तक लागू रहेगा। कोर्ट के इस निर्णय के साथ राज्य सरकार को एक और झटका लगा है, क्योंकि इससे पहले 2010 के बाद जारी किए गए सभी ओबीसी प्रमाणपत्रों को रद्द करने के खिलाफ उसकी अपील को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिली थी। कोर्ट ने बताया था कि ममता बनर्जी की सरकार बनने के बाद से जितने भी ओबीसी सर्टिफिकेट जारी किए गए हैं, वे अधिकतर मुस्लिम समुदाय के लोगों को मिले हैं। जबकि, ओबीसी में शामिल वास्तविक हिंदू समुदाय की जातियां, इससे पूरी तरह से वंचित रही हैं। इसके बाद से राज्य सरकार ने हाल ही में ओबीसी की नई अधिसूचना



जारी की थी। अब कोर्ट ने उस पर भी रोक लगा दी है। हाई कोर्ट की यह पीठ न्यायमूर्ति तपोब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा की थी। इस दिन, राज्य सरकार की ओर से पेश हुए अटॉर्नी जनरल किशोर दत्ता ने दलील दी कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है और वहां इस पर चर्चा होनी है, इसलिए हाई कोर्ट को इस पर अंतरिम आदेश नहीं देना चाहिए। इसके जवाब में हाई कोर्ट ने कहा कि मामला सुप्रीम कोर्ट में होने के बावजूद, राज्य सरकार ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। न्यायमूर्ति चक्रवर्ती ने राज्य से पूछा कि विधानसभा में पेश करने से पहले आपने अधिसूचना क्यों जारी कर दी? इस पर राज्य ने जवाब दिया कि केवल ड्राफ्ट अधिसूचना जारी की गई थी, लेकिन गजट अधिसूचना नहीं की गई। राज्य की ओर से वरिष्ठ वकील कल्याण बनर्जी ने कहा कि हाई कोर्ट के पूर्व आदेशों में कुछ 'ग्रे एरिया' (अस्पष्टता) हैं और सुप्रीम कोर्ट के निर्देश तक कोई स्थगनादेश नहीं दिया जाना चाहिए। वहीं याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता एस. श्रीराम ने कोर्ट के फैसले को पूरी तरह स्पष्ट बताया और कहा कि राज्य सरकार ने कोर्ट के निर्देशों का पालन नहीं किया। केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अशोक कुमार चक्रवती ने अदालत को बताया कि राज्य ने दो समुदायों के बीच ओबीसी की स्थिति में परिवर्तन किया है, जिससे 'खतरनाक जनसांख्यिकीय प्रभाव' पड़ सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की पिछड़ा वर्ग आयोग ने स्वतंत्र रूप से निर्णय नहीं लिया। पीठ ने राज्य सरकार से दो टूक कहा कि हमने 66 समुदायों के खिलाफ कोई फैसला नहीं दिया, आप प्रक्रिया जारी रखें। अगर आप कदम नहीं उठाएंगे, तो हम भी आदेश नहीं देंगे। लेकिन सुप्रीम कोर्ट का हवाला देकर सिर्फ समय टालने से काम नहीं चलेगा। राज्य सरकार ने अदालत को बताया कि हाई कोर्ट के पहले के आदेश के चलते कॉलेजों में दाखिले और सरकारी नौकरियों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह ठप पड़ी है। सरकार ने तर्क दिया कि इस मामले का असर प्रशासनिक कार्यों पर हो रहा है।

## मेहुल चोकसी ने ब्रिटेन की अदालत में भारत के खिलाफ 'अपहरण' का आरोप लगाया

**लंदन :** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) धोखाधड़ी मामले में भारत में वांछित व्यवसायी मेहुल चोकसी ने लंदन के उच्च न्यायालय में भारत सरकार और पांच व्यक्तियों पर अपने कथित ''अपहरण, यातना और प्रत्यर्पण के प्रयास'' के लिए षड्यंत्रकारी के रूप में मुकदमा दायर किया है। भारतीय प्राधिकारियों ने आरोपों से इनकार किया है और 'राज्य प्रतिरक्षा' (स्टेट इम्यूनिटी) के आधार पर ब्रिटेन के क्षेत्राधिकार पर आपत्ति जताई है। साथ ही उन्होंने भारतीय कानून और भारतीय संविधान से संबंधित विशेषज्ञ साक्ष्यों को ध्यान में रखने की अनुमति भी मांगी है।

# बंगाल विधानसभा में निजी अस्पतालों के कामकाज में अधिक पारदर्शिता लाने के लिए विधेयक पारित

### निजी अस्पतालों की मनमानी पर लगेगी रोक





**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल विधानसभा ने मंगलवार को एक संशोधन विधेयक पारित किया, जिसका उद्देश्य राज्य में निजी अस्पतालों व नर्सिंग होमओं के कामकाज में अधिक पारदर्शिता लाना है। विपक्षी भाजपा ने दावा किया कि पारित किए गए पश्चिम बंगाल नैदानिकप्रतिष्ठान (पंजीकरण, विनियमन और पारदर्शिता) (संशोधन) विधेयक, 2025 में खामियां हैं। संशोधनों के तहत निजी अस्पतालों को पैकेज दरों सहित निर्धारित दरों और शुल्कों को प्रतिष्ठान के अंदर स्पष्ट रूप से दिखने वाली जगह पर प्रदर्शित करना होगा तथा सॉफ्टवेयर के माध्यम से हर रोगी का इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड बनाए रखना होगा। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी सहित भाजपा विधायकों ने दावा किया कि संशोधन विधेयक जल्दबाजी में लाया गया था और इसमें खामियां हैं। स्वास्थ्य राज्यमंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने सोमवार को यह विधेयक पेश किया था। विधेयक पर सोमवार व मंगलवार को डेढ़-डेढ़ घंटे की चर्चा के बाद इसे सदन से पारित कर दिया गया। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि संशोधनों का उद्देश्य निजी अस्पतालों के कामकाज में अधिक पारदर्शिता लाना तथा संपूर्ण चिकित्सा उपचारों की दरों सहित निश्चित दरों और शुल्कों का सख्ती से पालन करना है। संशोधन कानून में यह अनिवार्य किया गया है कि सभी निजी अस्पतालों को अपने केंद्र के भीतर एक विशिष्ट स्थान पर निश्चित दरों और पैकेज शुल्कों को अब प्रमुखता से प्रदर्शित करना होगा तथा अनुमोदित साफ्टवेयर के माध्यम से प्रत्येक रोगी के लिए इलेक्ट्रानिक मेडिकल रिकार्ड रखने होंगे। स्वास्थ्य राज्यमंत्री ने कहा कि इस विधेयक से निजी अस्पतालों की मनमानी पर रोक लगेगी, विशेष रूप से उन मामलों में जहां अस्पताल मरीजों के स्वजनों को इलाज के लिए पैकेज थमाते हैं और बाद में बिना अनुमति के खर्च बढ़ा देते हैं।

# एअर इंडिया में दिक्कतें: सात अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द



**मुंबई/कोलकाता :** टाटा समूह के स्वामित्व में साढ़े तीन साल पहले आई एअर इंडिया संभवतः अपने सबसे बड़े संकट का सामना कर रही है और एयरलाइन की उड़ानें मुश्किलों से गुजर रही हैं। मंगलवार को विभिन्न कारणों से जहां उसकी सात अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं, वहीं सैन फ्रांसिस्को-मुंबई उड़ान में तकनीकी गड़बड़ी के कारण यात्रियों को बीच में ही विमान से उतरना पड़ा। विमानन कंपनी ने कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा ड्रीमलाइनर बेड़े की कड़ी जांच किए जाने के कारण एअर इंडिया ने छह अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दीं, जबकि अहमदाबाद-लंदन गैटविक उड़ान को विमान की अनुपलब्धता के कारण रद्द कर दिया गया।

## एअर इंडिया बोइंग 787 की निगरानी में कोई बड़ी सुरक्षा चिंता सामने नहीं आई: डीजीसीए

**मुंबई :** विमानन क्षेत्र के नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजी-सीए) ने मंगलवार को कहा कि एअर इंडिया के बोइंग 787 बेड़े की निगरानी में कोई बड़ी सुरक्षा चिंता सामने नहीं आई। पिछले सप्ताह अहमदाबाद में बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर के दुर्घटनाग्रस्त होने से सुरक्षा संबंधी चिंताएं पैदा हो गई थीं और डीजीसीए ने एअर इंडिया के बोइंग 787 बेड़े की निगरानी बढ़ाने का आदेश दिया था। डीजीसीए ने एक बयान में कहा, ''एअर इंडिया के बोइंग 787 बेड़े की हाल में की गई निगरानी में कोई बड़ी सुरक्षा चिंता सामने नहीं आई। विमान और उससे संबंधित रखरखाव प्रणाली मौजूदा सुरक्षा मानकों के अनुरूप पाई गई।''

### सैन फ्रांसिस्को से मुंबई आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट में तकनीकी खराबी, कोलकाता में आपातकालीन लैंडिंग – पेज 3

# ईरान में कुछ भारतीय विद्यार्थी स्वदेश वापसी के इंतजार में, अन्य को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया



**नयी दिल्ली :** ईरान के 'तेहरान चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय' में भारतीय छात्रा मेहरीन जफर हवाई हमले के सायरन की आवाजों और बिजली गुल हो जाने के बीच डर के साये में जी रही है। वह उन 70 से अधिक भारतीय विद्यार्थियों में एक है जो ईरान से निकाले जाने का इंतजार कर रहे हैं। फिलहाल ईरान और इजराइल के साथ भीषण सैन्य संघर्ष चल रहा है। मेहरीन ने सहमी हुई आवाज में कहा, ''ईरान में ब्लैक अलर्ट जारी है। हमें नहीं पता कि क्या हो रहा है। हमें सुरक्षा कारणों से बेसमेंट में रखा गया है, लेकिन हम डरे हुए हैं।'' उसने कहा, ''चूंकि इंटरनेट सेवा कमजोर है, इसलिए हम अपने परिवार के सदस्यों से भी संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। घर पर, वे हमारी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।'' ईरान की राजधानी तेहरान में रह रही एमबीबीएस के तीसरे वर्ष की इस छात्रा ने कहा कि यह एक 'भयावह' स्थिति है। मेहरीन ने कहा, ''हम मदद के लिए पुकार रहे हैं, लेकिन हमें कुछ नहीं मिला। हमें कुछ भी पता नहीं है। हम चाहते हैं कि हमें यहां से निकाला जाए।'' उसने कहा,''हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पूरी उम्मीद है और हमें मदद की ज़रूरत है। हम ऐसे नहीं रह सकते।'' 'केरमान चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय' के 21 वर्षीय छात्र फैजान नबी ने कहा कि उसने अपना सामान पैक करना शुरू कर दिया है। उसने कहा, ''यहां (केरमान) स्थिति तेहरान जितनी खराब नहीं है। लेकिन अब भी डर बना हुआ है। हमें उम्मीद है कि हमें जल्द ही किसी सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाएगा।''

# जी-7 नेताओं का तनाव कम करने का आह्वान, ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं होना चाहिए





**कनैनिस्किस (कनाडा) :** कनाडा में आयोजित जी-7 देशों के नेताओं की बैठक में एक संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर किये गए, जिसमें इजराइल और ईरान के बीच लड़ाई में तनाव कम करने का आह्वान किया गया। साथ ही इसमें इस बात पर भी जोर दिया गया कि है ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं होना चाहिए। बयान में कहा गया है, ''हम, जी-7 के नेता, पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। इस संदर्भ में, हम पुष्टि करते हैं कि इजराइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है। हम इजराइल की सुरक्षा के लिए अपना समर्थन दोहराते हैं।'' बयान में कहा गया है, ''हम नागरिकों की सुरक्षा के महत्व की भी पुष्टि करते हैं। ईरान क्षेत्रीय अस्थिरता और आतंक का प्रमुख स्रोत है। हमारा लगातार यह स्पष्ट रुख रहा है कि ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं होना चाहिए।''

### अमेरिका जानता है कि ईरान के शीर्ष नेता खामेनेई कहां छिपे हैं: ट्रंप

**वाशिंगटन :** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका जानता है कि ईरान के शीर्ष (धार्मिक) नेता अयातुल्ला अली खामेनेई कहां छिपे हैं, लेकिन वह फिलहाल उन्हें मारना नहीं चाहता।

### मोहन भागवत का हिंदू समाज और देश को एकजुट रखने के लिए परस्पर मतभेदों को भुलाने का आह्वान



**हमीरपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने इस बात पर जोर दिया है कि यदि लोग आपसी मतभेद भूल जाएं तो हिंदू समाज और देश एकजुट रह सकता है। भागवत ने हमीरपुर जिले के टिपर गांव में सोमवार रात एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू धर्म, हिंदू समाज और हिंदू संस्कृति की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। सरसंघचालक यहां स्वयंसेवकों के उत्तर क्षेत्र विकास शिविर में भाग लेने के लिए चार दिवसीय यात्रा पर हैं। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा, ''संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने वाला है। सौ साल पहले संघ के विचार को मान्यता नहीं मिली थी। इसकी उपेक्षा की गई, फिर भी यह काम करता रहा। अब संघ के विचार को समाज ने स्वीकृति प्रदान की है, समाज सक्रियता से काम करता है।'' उन्होंने कहा कि हमारे समाज की संस्कृति को सहेजकर रखने के लिए आपसी मतभेदों को भुलाकर एकजुट होने की जरूरत है, ताकि हिंदू समाज और देश एकजुट रह सके। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म, हिंदू समाज और हिंदू संस्कृति की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। तीस मई से शुरू हुए कार्यकर्ता विकास वर्ग-प्रथम में कुल 212 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। एक प्रवक्ता ने यहां मंगलवार को बताया कि समापन समारोह 19 जून को होगा।






इंडियन जेम एंड ज्वेलरी क्रियेशन — टोल फ्री नंबर 1800 8891704

9B, वुड स्ट्रीट : ग्राउंड फ्लोर, कोलकाता 700 016 M +91 89810 89018 साउथ सिटी मॉल : ग्राउंड फ्लोर, 375, प्रिंस अनवर शाह रोड, कोलकाता 700 068 M +91 89810 89029 सिटी सेंटर II, राजारहाट : ब्लॉक - B', दूसरी मंजिल, शॉप नंबर 201, न्यू टाउन, कोलकाता 700 157 M +91 89810 89066 हावड़ा : जेपी'स एसी मार्केट (श्री विंध्याचल बिल्डिंग), 35, डॉ. अबनी दत्ता रोड (हावड़ा एसी मार्केट के पास) M +91 89810 89027 वरदान मार्केट : 106, वरदान मार्केट, पहली मंजिल, 25A, कैमक स्ट्रीट, कोलकाता 700 016 M +91 89810 89003 बागनान : ग्लोरियस शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सीटीसी बस स्टैंड के पास, शॉप नंबर 4, पहली मंजिल, बागनान, हावड़ा 711 303 M +91 89810 89024 दुर्गापुर : शॉप नंबर 205, ड्रीमप्लेक्स मॉल, पहली मंजिल, सिटी सेंटर, दुर्गापुर 713 216 M +91 89810 89017 श्रीरामपुर : अग्निशा - II, ग्राउंड फ्लोर, 30, के एम शाह स्ट्रीट, श्रीरामपुर, हुगली 712 201 M +91 89810 89014

हीरे के आभूषण, सॉलिटेयर, हॉलमार्क वाले सोने के आभूषण, पोल्की, कुंदन जड़ाऊ और सार्टिफाइड रत्न, बाय-बैंक सुविधा के साथ

www.indiangem.com

अधिकृत रिटेलर : प्लैटिनम, एमएमटीसी गोल्ड और सिल्वर बार्स







आरबीआई रिटेल डायरेक्ट मोबाइल ऐप के फायदे:
- सरकारी प्रतिभूति बाज़ार तक आसान पहुंच
- तुरंत लॉगइन, सरल यूज़र इंटरफेस और आसान नेविगेशन
- भुगतान के कई विकल्प - नेट बैंकिंग, UPI और NACH
- परिपक्वता पर गारंटीकृत लाभ, शून्य ब्रोकरेज और अन्य कोई शुल्क नहीं





अधिक जानकारी के लिए, https://rbiretaildirect.org.in पर विजिट करें
हमें यहाँ लिखें: support@rbiretaildirect.org.in

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## मोरल पुलिसिंग का निर्मम चेहरा

सोशल मीडिया पर सक्रिय लोगों को ट्रोल करने और धमकी देने की घटनाओं में हाल के दिनों में चिंताजनक स्तर तक तेजी आई है। लेकिन असहमति और विरोध की सीमा यदि जान लेने की हद तक जा पहुंचती है तो किसी सभ्य और लोकतांत्रिक समाज के लिये यह गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। कहीं न कहीं देश में कठोर नियामक व्यवस्था का न होना भी ऐसी प्रवृत्तियों को बढ़ावा देता है। हालिया घटनाक्रम में बंठिडा की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कंचन कुमारी, जिन्हें कमल कौर भाभी के नाम से भी जाना जाता है, की निर्मम हत्या कर दी गई। यह हत्या हमें इस बात की याद दिलाती है कि कथित नैतिकता के नाम पर मोरल पुलिसिंग, जो कभी ऑनलाइन ट्रोलिंग तक सीमित थी, अब हिंसक आपराधिकता में बदल गई है। इस सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की हत्या को अंजाम देने वाला कथित मास्टरमाइंड अमृतपाल सिंह मेहरोन, कथित तौर पर कौम दे राखे नामक एक कट्टरपंथी समूह का प्रमुख बताया जाता है। जिसने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर द्वारा प्रसारित की गई सामग्री को कथित तौर पर अनैतिक कृत्य के रूप में दर्शाते हुए हत्या को सही ठहराने का प्रयास किया है। इतना ही नहीं, हत्याकांड के बाद संयुक्त अरब अमीरात भागने के बाद हत्या को सही ठहराते हुए, एक वीडियो को जारी करना, संकीर्ण मानसिकता का दुस्साहस ही दर्शाता है। निस्संदेह, यह मामला संकीर्णता के पोषक और कट्टरपंथी तत्वों की सोच से अलग नहीं है। यह उस दुराग्रही सोच की कड़ी का ही हिस्सा है, जो हिंसा और धमकियों के माध्यम से महिलाओं की अभिव्यक्ति पर सोशल पुलिसिंग के जरिये शिकंजा कसने की कोशिश में रहती है। गाहे-बगाहे देश के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग समूहों द्वारा ऐसे कृत्यों को अंजाम दिया जाता रहा है। पिछले दिनों बेंगलुरू में भी एक महिला सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को केवल उसके पहनावे को अभद्र बताते हुए एसिड हमले की धमकी दी गई। इस धमकी भरे वीडियो के वायरल होने के बाद उस व्यक्ति को उसके नियोक्ता ने नौकरी से निकाल दिया।

यह विडंबना ही है कि कभी ऐसे मामले पाकिस्तान व अफगानिस्तान में महिला सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों को लेकर सामने आते थे। अब भारत में कथित सांस्कृतिक शुचिता व नैतिकता के नाम पर ऐसे हमले किए जा रहे हैं। एक अन्य खतरनाक घटना में, एक लोकप्रिय यूट्यूब शो में दिखाई देने वाली एक डिजिटल निर्माता अपूर्वा मुखीजा को बलात्कार और जान से मारने की ऑनलाइन धमकी दी गई। इस पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने हस्तक्षेप करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। निस्संदेह, इन घटनाक्रमों का पैटर्न स्पष्ट है। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों, विशेष रूप से महिलाओं को कथित सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के नाम पर तेजी से निशाना बनाया जा रहा है। सवाल उठता है कि उनके इन मूल्यों को कौन परिभाषित करता है और किसने उन्हें इस सतर्कता को लागू करने का अधिकार दिया बठिंडा की दुर्भाग्यपूर्ण घटना की पंजाब महिला आयोग ने निंदा करके सही कदम उठाया है, लेकिन केवल आधिकारिक निंदा पर्याप्त नहीं है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों को ऐसे मामलों को सुनियोजित अपराधों के रूप में दर्ज करना चाहिए, जो हमारे सामाजिक ताने-बाने को खतरा पहुंचाते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को भी इस दिशा में जिम्मेदारी उठानी चाहिए कि वे समय रहते सोशल मीडिया के दुरुपयोग रोकें व घृणास्पद सामग्री को अपने प्लेटफॉर्म से हटाएं। साथ ही सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने वाले तत्वों पर कड़ी नजर रखें। किसी भी लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी एक अपरिहार्य अंग है। निश्चित रूप से अभिव्यक्ति की आजादी की अपनी सीमाएं भी हैं। हालांकि, यह आजादी आलोचना से प्रतिरक्षा नहीं देती, लेकिन यदि आलोचना किसी की मर्यादा को नुकसान पहुंचाने या हत्या की धमकी में तब्दील होने लगे, तो शासन-प्रशासन को सख्त संदेश देना चाहिए। खासकर डिजिटल सतर्कता बढ़ाने की जरूरत है। विशेषकर जब डिजिटल निगरानी शारीरिक हिंसा में बदलने लगे। जिसे किसी कीमत पर सहन नहीं किया जाना चाहिए। यदि ऐसे मामलों में अभी से सख्ती न दिखाई गई तो समाज में ऐसी हिंसक कार्रवाई की घटनाओं को थामना मुश्किल हो जाएगा।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 18 जून, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आषाढ़ कृष्णपक्ष सप्तमी, 13:31 तक, नक्षत्र : पूर्वभाद्रपदा, 24:11 तक, योग : प्रीति, 07:38 तक, सूर्योदय: 4:52, सूर्यास्त: 18:23, चन्द्रोदय : 23:38, चन्द्रास्त: 11:05, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 11:37 से 13:18

## राशिफल

**मेष :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृष :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**मिथुन :** सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

**कर्क :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु तोड़-तोड़ करना पड़ेगाा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे।

**सिंह :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे।

**कन्या :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

**तुला :** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**वृश्चिक :** कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**धनु :** आलस्य का त्याग करें। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**मकर :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**कुम्भ :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे का ऐतिहासिक कायाकल्प हुआ है - अश्विनी वैष्णव



**मानेसर, हरियाणा :** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे ने पिछले 11 वर्षों में एक अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले दशकों तक रेलवे उपेक्षा का शिकार रहा, जहां मात्र 25-30 हजार करोड़ का वार्षिक निवेश होता था। लेकिन अब यह निवेश बढ़कर 2.5 लाख करोड़ तक पहुंच गया है, जो रेलवे के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के विकास को रफ्तार दे रहा है।

वैष्णव ने कहा, रेलवे में वर्षों से जमा हुई लेगेसी समस्याएं अब एक-एक कर समाप्त हो रही हैं। स्टेशन, ट्रेन, शौचालय, ट्रैक, सफाई, तकनीक-हर क्षेत्र में व्यापक सुधार किया गया है। यात्रियों को नई सुविधाएं दी जा रही हैं और इंडस्ट्री के साथ मिलकर एकीकृत विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। वैष्णव ने हरियाणा के मानेसर में मारुति प्लांट में रेलवे साइडिंग सुविधा के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए

### प्रमुख घोषणाएं और उपलब्धियां गिनायी

**100 नई मेन लाइन ईएमयू गाड़ियां**

पैसेंजर गाड़ियों को अपग्रेड करने के लिए अब 16 और 20 कोच की मेन लाइन ईएमयू गाड़ियां बनाई जाएंगी। अब तक 8 या 12 कोच की ईएमयू बनती थीं। यह परियोजना तेलंगाना के काजीपेट में शुरू हो रही एक नई फैक्ट्री में क्रियान्वित की जाएगी। इससे शॉर्ट डिस्टेंस ट्रैवल को बड़ी राहत मिलेगी।

**50 नई 'नमो भारत' एसी पैसेंजर गाड़ियां**

'नमो भारत' गाड़ियों को यात्रियों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है। अब 50 नई एसी पैसेंजर ट्रेनें जोड़ी जाएंगी। इससे पहले अहमदाबाद-भुज और पटना-जयनगर के बीच दो गाड़ियां शुरू की गई थीं। कुल मिलाकर 150 नई पैसेंजर गाड़ियां सेवा में आएंगी।



**1200 से अधिक नए जनरल कोच**

बीते वर्ष में रेलवे ने यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुए 1200 से अधिक जनरल कोच जोड़े हैं। यह अभियान पिछले 2.5 वर्षों से लगातार चलाया जा रहा है।

**अमृत भारत स्टेशन योजना**

अब तक 1300 अमृत भारत स्टेशन का काम स्वीकृत किया गया है। इनमें से 103 स्टेशन हाल ही में बनकर तैयार हुए हैं और प्रधानमंत्री ने बीकानेर से इसका लोकार्पण किया। दिसंबर 2025 तक 100 और स्टेशन तथा वर्ष 2026 तक 500 और स्टेशन पूरे किए जाएंगे।

**टिकटिंग प्रणाली में सुधार**

तत्काल टिकट बुकिंग में बॉट्स के दुरुपयोग को रोकने के लिए 1 जुलाई से केवल केवाईसी सत्यापित यात्रियों को ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा मिलेगी। विंडो बुकिंग पर भी आईडी अनिवार्य होगी।

**चार्ट पब्लिशिंग में नवाचार**

बीकानेर डिवीजन ने एक अभिनव पहल के तहत चार्ट को 24 घंटे पहले प्रकाशित करना शुरू किया है (पहले 4 घंटे पूर्व होता था)। इससे यात्रियों में अनिश्चितता कम हुई है और उन्हें बेहतर योजना बनाने में सुविधा हो रही है।

**वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनों का विस्तार**

अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की संख्या जल्द ही 6 और बढ़ेगी। 50 और ट्रेनों का निर्माण जारी है। वंदे भारत ट्रेनों को भी लगातार नए रूट्स पर बढ़ाया जा रहा है।

**फ्रेट कॉरिडोर और मालवाहक सेवाएं**

भारत अब विश्व में माल ढुलाई और यात्री परिवहन-दोनों में दूसरे स्थान पर है। पिछले साल 720 करोड़ यात्रियों ने रेलवे से सफर किया और 1617 मिलियन टन माल ढोया गया। फ्रेट कॉरिडोर अब पूरी तरह क्रियाशील है और प्रतिदिन लगभग 400 मालगाड़ियां इस पर चल रही हैं।

**हरियाणा में रेलवे का बुनियादी कायाकल्प**

वैष्णव ने बताया कि वर्ष 2014 से पहले हरियाणा को मात्र 315 करोड़ का आवंटन मिलता था, जो अब बढ़कर 3416 करोड़ हो गया है। हरियाणा में:

* 823 किलोमीटर नई पटरियां बिछाई गईं-यह यूएई की कुल रेल नेटवर्क से अधिक है।
* 100% रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण
* 34 स्टेशन: अमृत भारत योजना के तहत पुनर्विकसित किए जा रहे हैं।
* 540 फ्लाईओवर और अंडरपास बनाए जा चुके हैं।
* सोनीपत के रेलवे कारखाने का आधुनिकीकरण किया जा रहा है।
* 11,800 करोड़ रुपए का निवेश रेलवे की ओर से हरियाणा में किया जा रहा है।

**गति शक्ति मल्टी-मॉडल टर्मिनल्स**

प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स को सशक्त करने के लिए 2021 में रेलवे ने बड़े रिफॉर्म्स किए, जिसके परिणामस्वरूप 108 मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल्स अल्प समय में बनकर तैयार हो गए हैं। हरियाणा में स्थित टर्मिनल, जहां यह घोषणा की गई, वह 45 एकड़ में फैला है और इसकी माल वहन क्षमता 4.5 लाख कारों तक की है।

वैष्णव ने अंत में कहा, भारतीय रेलवे की परिवर्तन यात्रा, प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में, नए युग की रेलवे बना रही है- तेज, स्वच्छ, आधुनिक और जन-हितैषी। आने वाले वर्षों में हम इसे और ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# राजनीति के 'भावनात्मक खेला' में मीडिया



घनश्याम बादल

ईश्वर की रचनाओं में मनुष्य सबसे अधिक संवेदनशील होता है और उसी में सबसे ज्यादा सोचने एवं चिंतन करने की शक्ति भी होती है। इसी गुण के चलते उसके अंदर तर्क और संवेदना दोनों ही विकसित हुए हैं। तर्क के आधार पर वह क्या ग़लत है,क्या सही, इसका अंदाज़ा व निर्णय करता है और संवेदनाओं के आधार पर अपने एवं दूसरे लोगों की भावनाओं को समझ सकता है। ... लेकिन जब व्यक्ति राजनीतिक हो जाता है और कोई भी राजनीतिक दल (कोई भी का मतलब कोई भी ) उसको भावनात्मक रूप से अति संवेदनशील बना देता है तब वह सही ग़लत नहीं सोच पाता केवल 'अंधभक्ति या 'अंध विरोध' पर उतर आता है।

कई बार दलों के साथ जुड़ाव वंश परंपरा या परिवारों से, आता है तो कई बार हानि लाभ के गणित से और कई बार प्यार या नफरत से। अब राजनीतिक दल तो राजनीतिक दल हैं वें इनमें से हर एक अस्त्र-शस्त्र को आजमाते हैं और अपने लिए एक बड़ा समर्थक समूह खड़ा कर लेते हैं जिसके आधार पर वें या तो सत्ता में पहुंच जाते हैं अथवा सत्ता में पहुंचने का सपना पूरा करने के लिए कुछ भी (कुछ भी का मतलब कुछ भी ) करने पर उतारू रहते हैं। वें व्यक्ति को व्यक्ति नहीं बल्कि केवल एक 'वोट' के रूप में देखते हैं और उसके लिए उन्हें चाहे कुछ भी करना पड़े, किसी भी तरीके से भावनाएं जगानी पड़ें, वें हर तरीका इस्तेमाल करते हैं। इसके लिए देशभक्ति से लेकर धार्मिक भक्ति तक और नफ़रत से लेकर दंगों एवं हत्याओं तक का सहारा लेने से नहीं हिचकते और जो राजनीतिक दल अधिक से अधिक 'ब्रेनवाश' करने में कामयाब हो जाता है या जितने समय तक वह अपने विचार आपके दिल एवं दिमाग में भर सकता है वह सत्ता का आनंद लेता है 'लायन शेयर' खुद रखता है और थोड़ी बहुत टुकड़े या हड्डियां समर्थकों में बांटता है। कभी-कभी विरोधियों को अपने पक्ष में लेने के लिए भी वह यह सब करता है लेकिन उसका केवल और केवल एक ही उद्देश्य होता है और वह है खुद की सत्ता को बनाए रखना या फिर येन केन प्राकारेण सत्ता में पहुंच जाना।

दुनिया भर में जितने भी युद्ध होते हैं चाहे वें राष्ट्रीय हों,अंतर-राष्ट्रीय हों या अंतर्राष्ट्रीय इन सब का मूल एक ही है राजनीतिक व्यक्तियों एवं दलों की अधिक से अधिक 'पॉवर एवं पजेशन' की नीति यानी ताकत और 'ज्यादा से ज्यादा अपनी' मुट्ठी में करना।

यें दल और उसके नेता अच्छे से जानते हैं कि उनका 'इजी टारगेट'यानी आसानी से फंसने वाला चारा हमेशा भावनात्मक वर्ग होता है। इसके लिए भी जहां धर्म एवं आस्था से जुड़े बड़े ठेकेदारों को पकड़ते हैं वहीं लेखकों ,कवियों एवं मीडियाकर्मियों ने मीडिया घरानों को भी एक माध्यम बनाते हैं। उन्हें खरीदने से लेकर पीसने तक कुछ भी करने से उन्हें कोई उज्र नहीं होता।

इन दिनों अखबारों, मीडिया, सोशल साइट्स, वर्चुअल मंच या डिजिटल प्लेटफॉर्म्स तक पर ऐसे ग्रुप एक गैंग के रूप में सक्रिय हैं जो अपने बड़े आकाओं के सपनों को जाने अनजाने में पूरा करने के लिए हर कोशिश करते हैं। ऐसे कवि एक खास सोच के साथ कविता लिखते हैं , तो ऐसे लेखक एक खास उद्देश्य के लिए और कभी-कभी तो अपने आकाओं को खुश करने या कुछ पद , पैसा या पॉवर प्राप्त करने के लिए भी लेख लिखते हैं। टीवी डिबेट पर तो हम इन अर्थहीन बसों को देखते ही हैं लेकिन सच यह उनके पीछे 'अर्थ' यानी धन छुपा होता है। जहां आप अपनी आत्मा को मारकर उल्टे सीधे तर्क गढ़कर किसी भी तरह विपक्षियों को ध्वस्त करने की रणनीति के साथ चलते हैं और अपने आकाओं को खुश करते हैं ताकि जब 'प्रसाद' और 'प्रासाद' बंटे तो आपके हिस्से में भी ज़रूर आएं।

जिस तरह दुनिया भर के देशों की खुफिया एजेंसियां दूसरे देशों में एक्शन लेने के लिए अपने एजेंट लंबे समय तक स्लीपिंग सेल्स के रूप में छोड़ देते हैं और जब उनकी ज़रूरत पड़ती है तब उन्हें एलर्ट एवं एक्टिव कर अपना लक्ष्य हासिल कर लेते हैं। बहुत कुछ इसी तरह कुछ चतुर और दूरगामी दृष्टि वाले राजनीतिक दल अपने अनुषांगिक संगठनों के माध्यम से अपनी विचारधारा के कट्टर अनुयायियों को आम लोगों के बीच छोड़ देते हैं जो समय-समय पर इन्हें अपने दल के प्रति चलने वाले विचारों को से अवगत कराते हैं और समय तथा स्थिति के अनुसार यें अपने इन एजेंटों के माध्यम से आम जनता के मनोमस्तिष्क में अपनी विचारधारा को बड़ी चतुराई से रख देते हैं तथा उन्हें वोटो के रूप में इस्तेमाल करके सत्ता का आनंद लेते हैं। जब यह दल सत्ता में आ जाते हैं तब अपनी इन स्लीपिंग सेल्स को भी 'उपकृत' करने का तरीका ढूंढ लेते हैं क्योंकि यह सत्ता में होते हैं इसलिए नियम भी उन्हें बनाने होते हैं और इनके अपने कोष से भी कुछ खर्च नहीं होता इसीलिए कभी पद तो कभी ठेकेदारी तो कभी कमीशन एजेंट या दूसरे रूपों में अपने 'काम के लोगों' को यें लाभ पहुंचाते हैं। परंतु इसका घाटा केवल और केवल देश या आम लोगों को होता है और दुर्भाग्य से जिस देश में जनचेतना कम होती है या फिर लोकमत का अभाव होता है वहां पर ऐसे दल लंबे समय तक सत्ता का आनंद लेते हैं और यह स्थिति अकेले भारत में नहीं है अभी तो दुनिया के अधिकांश विकासशील देशों में ऐसा ही है तभी तो अफगानिस्तान में तालिबान पाकिस्तान में कट्टरपंथी, बांग्लादेश में तथाकथित इस्लामी चिंतन के लोग कभी वोटो के बल पर, कभी नोटों के बल पर तो कभी बंदूक के बल पर सत्ता में आते-जाते रहे हैं।

भारत में अक्सर लोकतंत्र की बड़ी-बड़ी बातें की जाती हैं और आम वोटर को बहुत समझदार बताया जाता है लेकिन असली स्थिति यह है कि उस तथाकथित समझदार वोटर को कई बार तो यह भी पता नहीं होता किसे वोट दे रहा है, क्यों दे रहा है, उसकी नीतियां क्या है और उनका असर क्या होना है। लेकिन इसका दोष इन वोटर्स को नहीं अपितु उस व्यवस्था को दिया जाना चाहिए जिसने आज़ादी के 78 साल बाद भी ऐसी शिक्षा व्यवस्था विकसित नहीं की जो आने वाली पीढ़ियों को सचमुच में तर्कशील, चिंतनशील एवं कुशल बना सके और यदि वोट का यह खेल चलता रहा तो फिर आगे भी ऐसा ही होता रहेगा

इसके अगले दोषी वे संपन्न लोग हैं जो वोट देने के लफड़े में ही नहीं पड़ना चाहते क्योंकि उन्हें पता है कि वें जैसे चाहें व्यवस्था को बदल सकते हैं, अपने पक्ष में कर सकते हैं और सबसे बड़े दोषी वे राजनीतिक दल और नेता हैं जो केवल और केवल अपने स्वार्थ की राजनीति करते हैं।

## देश-विदेश

### कीव में रूस के ड्रोन और मिसाइल हमले में 15 लोगों की मौत, 156 घायल

**कीव :** रूस ने यूक्रेन पर रात को उस समय मिसाइल और ड्रोन से हमले किए जब ज्यादातर लोग अपने घरों में सो रहे थे, जिससे कम से कम 15 लोगों की मौत हो गयी और 156 अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि हमलों में मुख्य रूप से राजधानी कीव को निशाना बनाया गया। कीव शहर सैन्य प्रशासन के प्रमुख तिमुर तकाचेंको ने बताया कि रातभर हुए हमले में 14 लोगों की मौत हो गयी है। बमबारी से नौ मंजिला एक रिहायशी इमारत ध्वस्त हो गयी तथा कई अपार्टमेंट नष्ट हो गए हैं। आपातकालीन कर्मी मलबे से लोगों को निकालने के लिए घटनास्थल पर मौजूद हैं। यूक्रेन के गृह मंत्रालय ने कहा कि कीव में 139 लोग घायल हुए हैं। मेयर विताली क्लित्सको ने घोषणा की कि बुधवार को आधिकारिक तौर पर शोक दिवस मनाया गया। यह हाल के महीनों में यूक्रेन की राजधानी में हुए सबसे घातक हमलों में से एक है और हमला ऐसे वक्त में हुआ है, जब युद्ध को खत्म करने के लिए दो दौर की शांति वार्ता बेनतीजा रही है।

### हमने ईरान के एक और उच्च पदस्थ जनरल को मार गिराया: इजराइल

**तेल अवीव :** इजराइल ने मंगलवार को दावा किया कि उसने ईरानी सैन्य कमान को तबाह करने के बाद उसके एक और उच्च पदस्थ जनरल को मार गिराया। इजराइली सेना ने कहा कि उसने जनरल अली शादमानी को मार गिराया है, जिन्हें हाल ही में खातम अल-अनबिया केंद्रीय मुख्यालय का प्रमुख नियुक्त किया गया था। ईरान ने शादमानी की मौत की तत्काल पुष्टि नहीं की है। शादमानी ईरान के अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड में जनरल थे।

### सीतारमण ने लद्दाख में एनएलएसटी परियोजना स्थल का किया दौरा, युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की

**लेह :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में पैंगोंग झील के पास राष्ट्रीय वृहद सौर दूरबीन (एनएलएसटी) परियोजना स्थल का दौरा किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र के चार दिवसीय दौरे पर आईं सीतारमण ने चुशुल गांव में 'रेजांग ला' युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और देश की सेवा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी। एनएलएसटी परियोजना का लक्ष्य लद्दाख में पैंगोंग त्सो झील के पास लगभग 4,200 मीटर की ऊंचाई पर दो मीटर श्रेणी का 'ऑप्टिकल' और इन्फ्रारेड (आईआर) दूरबीन का निर्माण करना है। इसका प्राथमिक लक्ष्य सौर वायुमंडल का उच्च-स्तरीय अध्ययन करना है, जिसमें चुंबकीय क्षेत्र, सौर गतिविधि और हेलियोसिस्मोलॉजी (सूर्य की अंदरूनी संरचना को समझने के लिए सौर दोलन



का अध्ययन) को समझने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय मंत्री को मेराक में एनएलएसटी परियोजना स्थल के दौरे के दौरान भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान (आईआईए) के निदेशक प्रोफेसर अन्नपूर्णी सुब्रमण्यम ने परियोजना के बारे में जानकारी दी।

## वर्ग पहेली नं. 3126



**ऊपर से नीचे:-** 1) पैसेवाला; धनाढ्य, 2) निगरानी, 3) शरीर, 4) तमतमाना; झुँझलाना, 5) मटकना, 6) दुनिया, 9) भैंसा, 11) मधुमक्खियों द्वारा पुष्परस का रूपांतर, 13) निराधार अनुमान; अंदाज़ा, 17) विवशतापूर्वक, 18) हैरानी, 19) ताकतवर; उत्साही, 20) कामधंधा, 22 सँकरा; हैरान.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

**बायें से दायें:-** 2) अनुकरण, 5) उपाय; दवा-दारु, 7) पैग़ंबर, 8) हिस्साबँटाई, 10) खाने-पीने का सामान, 12) एक ज्योतिषविद्या, 14) अपराध, 15) धृष्ट; अकड़बाज़, 16) कश *(धूम्रपान)*; क्षमता, 18) मार्गदर्शक, 20) बटन फँसाने का छेद, 21) नियंत्रण, 22) खेमा, 23) जुगली दाँत; चर्वणक, 24) मरम्मतकर्मी, 25) पाला, 26) पैदावार.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | सि | क | ■ | मु | ■ | म | श्र | हू | र |
| य | ■ | पि | त | र | ■ | नो | क | ■ | ह |
| का | म | ■ | ल | गा | ता | र | ■ | ब | म |
| ■ | न | र | क | ■ | ना | म | र्द | ■ | दि |
| धू | प | ■ | ■ | मं | शा | ■ | ■ | क्रा | ल |
| ■ | सं | क | ल | ■ | ह | रि | या | ली | ■ |
| बे | द | म | ■ | अं | ■ | ■ | त | न | हा |
| ग | ■ | ■ | बाँ | ध | ना | ■ | ना | ■ | द |
| म | क्खी | चू | स | ■ | म | स | ■ | खी | सा |

## सुडोकू-पहेली-3083

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | | | 2 |
| | | | 4 | 9 | | 5 | | |
| | | 6 | | 5 | | 3 | | |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| | | 9 | | | 5 | 4 | | 7 |
| | | | | 1 | | | 6 | |
| 5 | | | | | 1 | | | |
| 3 | 8 | 7 | | | | | | 9 |
| | 1 | | 3 | | | | 7 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3082 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 9 | 7 | 4 | 2 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 7 | 8 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 9 |
| 2 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 | 6 | 3 | 7 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 2 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 7 | 8 | 5 | 6 | 3 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 9 | 5 | 7 | 2 | 8 | 1 | 3 | 6 | 4 |
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 2 | 8 |

# खिदिरपुर अग्निकांड 'मैन मेड': शुभेंदु अधिकारी

## नेता प्रतिपक्ष ने घटनास्थल का किया दौरा, प्रभावित व्यवसायियों के साथ आंदोलन का ऐलान

**कोलकाता, समाज्ञा :** खिदिरपुर में आग योजनाबद्ध तरीके से लगाई गई थी। यह 'मैन मेड' है! राज्य के विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार की सुबह घटनास्थल का दौरा करने के बाद ऐसा विस्फोटक दावा किया। उन्होंने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि ममता बनर्जी सबकी मुख्यमंत्री नहीं हो सकतीं। गरीब व्यापारियों की भी नहीं। इस दिन, भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी घटनास्थल पर गए। उन्होंने स्पष्ट आरोप लगाते हुए कहा कि यह आग मानव निर्मित है। इसे योजनाबद्ध तरीके से लगाया गया था। नेता प्रतिपक्ष ने यह भी दावा किया कि मुख्यमंत्री एक खास वर्ग के लिए काम कर रहीं हैं। वह अब सभी की मुख्यमंत्री नहीं रहीं और इसीलिए



राज्य सरकार निष्क्रिय है। इसके कारण लोगों का मुख्यमंत्री पर से भरोसा उठ गया है। राज्य में पूरी व्यवस्था चरमरा गई है। आग की घटना के लिए पूरी तरह से ममता बनर्जी सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए शुभेंदु ने यह भी दावा किया कि घटनास्थल पर पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि दुकान के लिए जगह तय कर दी गई है। यानी पूरा इलाका बिक गया है। तृणमूल का मतलब अब मां-माटी-जनता नहीं, बल्कि पैसा-हत्या-कंपनी हो गया है। शुभेंदु अधिकारी ने यह भी कहा कि वह पूरे मामले को विधानसभा में उठाएंगे। उन्होंने आम लोगों से राजनीतिक झंडे छोड़कर इसके खिलाफ एकजुट होने की अपील की।

# खिदिरपुर बाजार आग : दमकल मंत्री ने बचाव कार्य देरी और लापरवाही के आरोपों को किया खारिज

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के अग्निशमन और आपातकालीन सेवा मंत्री सुजीत बोस ने मंगलवार को विधानसभा को संबोधित करते हुए खिदिरपुर के एक बाजार में हाल में लगी आग के बारे में जानकारी दी और उनके विभाग द्वारा राहत कार्य शुरू किए जाने में देरी और लापरवाही के आरोपों को खारिज किया। मंत्री ने कहा कि आपातकालीन स्थितियों से निपटने के दौरान दमकल कर्मी सशस्त्र बलों की तरह ही अपनी जान जोखिम में डालते हैं। विपक्ष ने आरोप लगाया था कि अग्निशमन गाड़ियां घटनास्थल पर देरी से पहुंचीं, पर्याप्त पानी नहीं था और राहत कार्य के दौरान एक दमकल गाड़ी खराब हो गई। मंत्री ने कहा कि दोपहर 2.05 बजे घटना की सूचना मिली जिसकी प्रतिक्रिया में दमकल की तीन गाड़ियों को तुरंत भेजा गया। बाद में और गाड़ियां भेजी गईं। बोस ने कहा कि मेयर फिरहाद हकीम घटनास्थल पर पहुंचे और मैं खुद भी वहां पहुंचा। वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे और यहां तक कि मुख्यमंत्री ने भी दिन में घटनास्थल का दौरा किया। बोस ने कहा कि कुछ लोगों ने आरोप लगाया है कि पानी नहीं था या पंपों में ईंधन नहीं था। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं- पर्याप्त पानी था, और पंपों में ईंधन था। शुरुआत में कुछ समस्या आई जब गाद पंप में चली गई। हमें यह जांचने की जरूरत है कि उस समय पंप ठीक से काम क्यों नहीं कर रहा था, लेकिन पानी या ईंधन नहीं होने का दावा गलत है। उन्होंने सदन से अपील की कि अग्निशमनकर्मियों के प्रयासों को कमतर न आंका जाए। उन्होंने कहा कि सीमा पर हमारे सैनिकों की तरह हमारे अग्निशमन कर्मी भी अत्यधिक जोखिम में काम करते हैं, अपनी जान जोखिम में डालते हैं। उनके साहस और बलिदान को कम न आंकें।


**Office of the Executive Officer**
**KHEJURI - I DEV. BLOCK**
**Kamarda Bazaar ::: Purba Medinipur**

**NIT No- WB/EO/KH-I/03/2025-26**
**Tender ID: 2025_ZPHD_858166_1**
Corrigendum Notice issued by the Executive Officer, Khejuri-I Panchayat Samity, of 1 No. scheme. Details may be had in website - **https://wbtenders.gov.in** & **https://purbamedinipur.gov.in**
Sd/-
Executive Officer,
Khejuri - I Panchayat Samity.



**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/खड़गपुर-721301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए मदों के समक्ष उल्लेखित तारीख को अपराह्न 3.00 बजे से पहले ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं तथा अपराह्न 3.30 बजे खोली जाएगी। **क्रमांक एवं निविदा सूचना सं.; कार्यो का विवरण; निविदा मूल्य; ईएमडी** क्रमशः निम्नलिखित हैंः **(1) टीआरडी-केजीपी-डब्ल्यू-2025-26-02आरटी, दिनांक 16.06.2025;** सांतरागाछीः सांतरागाछी कोचिंग यार्ड के रिसिप्शन यार्ड में पूरी लंबाई की एलएचबी रेकों की जांच के लिए आवश्यक अवसंरचना का प्रावधान तथा पिट के विस्तार के साथ 02 अदद लाइनों की लंबाई में वृद्धि (रिसि. यार्ड सांतरागाछी में 04 अदद स्टैब्लिंग लाइनों तथा 03 अदद पिट लाइनों के साथ सीएटी कार्य); रु. 87,21,018; रु. 1,74,400; **(2) टीआरडी-केजीपी-डब्ल्यू-2025-26-07, दिनांक 16.06.2025;** सांतरागाछी-हॉस्पिटल साइडिंग लाइन सं.-2, 5 एवं 6 का डब्ल्यूसीडी यार्ड के साथ कनेक्टिविटी साथ में हॉस्पिटल साइडिंग लाइन सं. 05 एवं 06 का विस्तार, पुराने डेपुटी सीवाईएम कार्यालय को तोड़ना तथा नए डेपुटी सीवाईएम कार्यालय भवन का निर्माण तथा पिट व्हील लाइनों के सुधार के साथ शंटिंग नेक की सुविधा; रु. 1,46,86,189.60; रु. 2,23,400; **(3) टीआरडी-केजीपी-डब्ल्यू-2025-26-08, दिनांक 16.06.2025;** खड़गपुर मंडल के टावर कारों के स्वस्थ संचालन के लिए वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/आरआरडी/खड़गपुर के अधीन विविध कार्य; रु. 44,29,400; रु. 88,600; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** प्रत्येक के लिए शून्य। **समापन अवधिः** क्रमांक 1 एवं 2 के लिए 12 (बारह) महीने तथा क्रमांक 3 के लिए 24 (चौबीस) महीने। **जमा करने की तारीखः** प्रत्येक के लिए 08.07.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक। **खुलने की तारीखः** प्रत्येक के लिए 08.07.2025; निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण, ब्यौरा, विनिर्देशन हेतु इच्छुक निविदातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑन-लाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में इस कार्य के लिए मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **टिप्पणीः** प्रत्याशित बोलीदातागण सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। **(PR-281)**


## भाजपा नेता प्रियंगु पांडे पर हमला मामले में चार और आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पिछले साल भाजपा नेता प्रियंगु पांडे पर भीड़ द्वारा किए गए हमले के मामले में चार और आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया है जिसमें चारों पर हमले की साजिश में संलिप्त होने का आरोप लगाया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को कोलकाता की विशेष एनआईए अदालत में दाखिल तीसरे पूरक आरोपपत्र में पवित्र प्रसाद उर्फ सुजल, मोहम्मद टीपू उर्फटिपुआ, मोहित महतो उर्फसाही और मोहम्मद जावेद पर भारतीय न्याय संहिता, शस्त्र अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धार-ाओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। इसके साथ ही मामले में अब तक कुल 18 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किए जा चुके हैं। इस मामले में 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और एक अभी फरार है। एजेंसी ने बयान में बताया कि एनआईए की जांच से पता चला है कि चारों लोग भाटपाड़ा इलाके में एंग्लो इंडियन जूट मिल के स्टाफ क्वार्टर के गेट नंबर-तीन के पास विस्फोटकों और आग्नेयास्त्रों से दल पर हमले से संबंधित आपराधिक साजिश में सक्रिय रूप से संलिप्त थे। उसने कहा कि पांडे और उनका दल वाहनों से पूर्व सांसद अर्जुन सिंह के आवास की ओर जा रही थी तभी यह हमला हुआ। बयान में कहा गया कि इस हमले में पांडे के चालक रवि वर्मा और उनके एक करीबी सहयोगी रबी सिंह को गोली लग गई थी।

### समझ में नहीं आता, इसमें छिपाने जैसा क्या हैं?

# छठे वेतन आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक करने का हाईकोर्ट का आदेश

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार को लेकर छठे वेतन आयोग की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने का बड़ा आदेश दिया है कोलकाता हाईकोर्ट ने। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने निर्देश दिया है कि यह रिपोर्ट 1 जुलाई 2025 तक राज्य सरकार की पेस्केल आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित की जाए।

यह आदेश राज्य सरकार के एक कर्मचारी देवप्रसाद हलदार द्वारा दायर की गई याचिका पर सुनवाई के दौरान आया। याचिकाकर्ता का कहना था कि राज्य सरकार महंगाई भत्ते के मामले में बार-बार कहती रही है कि वह छठे वेतन आयोग की सिफारिशें लागू कर चुकी है, लेकिन आधिकारिक वेबसाइट पर इसका कोई प्रमाण नहीं है, न ही रिपोर्ट सार्वजनिक की गई है।

सुनवाई के दौरान जब न्यायमूर्ति सिन्हा ने राज्य सरकार से पूछा, आखिर यह रिपोर्ट सार्वजनिक डोमेन में कब लाई जाएगी?, तो राज्य की ओर से कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया गया। इसके बाद अदालत ने रिपोर्ट जारी करने के लिए अंतिम समयसीमा 1 जुलाई तय कर दी।

न्यायाधीश ने टिप्पणी करते हुए कहा, वेतन आयोग की सिफारिशें कोई गोपनीय दस्तावेज नहीं हैं। जब यह सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए है, तो इतनी गोपनीयता किसलिए?

उन्होंने राज्य सरकार के अधिवक्ता से यह भी पूछा, आपने इतनी वॉल्यूम वाली रिपोर्ट बनाई है, फिर उसे छुपाकर रखने का क्या तर्क है?

इस आयोग की अध्यक्षता प्रसिद्ध अर्थशास्त्री अभिरूप सरकार कर रहे हैं। कोर्ट के इस फैसले को राज्य के लाखों सरकारी कर्मचारियों के हित में एक बड़ी पारदर्शिता की पहल माना जा रहा है।


## NAME CHANGE

I, Surendra Surana (old name) S/O Late Gulab Chand Surana, residing at Anassa Appartment, Flat-20B, 992, Eastern Metropolitan Bypass Road, Tangra, P.O.- Dhapa, Kolkata-700105, West Bengal, India, have changed my name and shall henceforth be known as Surendra Kumar Surana (new name), as declared before the notary public at Kolkata, vide an affidavit dated 16/06/2025. Surendra Kumar Surana (new name) and Surendra Surana (old name) both are same and one identical person.

---

I, Shashi Surana & Sashi Devi Surana (old names) W/O Surendra Kumar Surana, residing at Anassa Appartment, Flat-20B, 992, Eastern Metropolitan Bypass Road, Tangra, P.O.- Dhapa, Kolkata- 700105, West Bengal, India, have changed my name and shall henceforth be known as Shashi Devi Surana (new name), as declared before the notary public at Kolkata, vide an affidavit dated 16/06/2025. Shashi Devi Surana (new name) and Shashi Surana & Sashi Devi Surana (old names) all are same and one identical person.

---

I, Niloyy Barua, son of Partha Pratim Barua, residing at Ward No.40, Pally Mangal Samiti Road, Haiderpara, Siliguri, Jalpaiguri, West Bengal -734006, presently residing at Maa Sarada Mayer Aya Center, AD-168/A, Samar Dey Sarni, Kestopur, Kolkata-700102, do hereby solemnly affirm and declare that Niloyy Barua and Nilay Barua is same and one identical person via affidavit before the Ld Judicial Magistrate 1st Class Alipore dated 9th June 2025.

---

I, Bhisam Lal Choudhury, son of Sukdeo Choudhury, residing at 20, Amartola Street, Kolkata-700001, do hereby solemnly affirm and declare that Bhisam Lal Choudhury and Bhishm Lal Kamat is the same and one identical person so there for my correct name is BHISAM LAL CHOUDHURY via affidavit before the Ld Judicial Magistrate 1st Class at Kolkata dated 24th February 2025.



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. बीएमएफ-मशीनिंग-एमसीएफ-200, दिनांक 16.06.2025;** डेप्युटी सीएमई/बीएमएफ/बीजीपी, पूर्व रेलवे, बजबज, कोलकाता-137 द्वारा निविदा सं. बीएमएफ-मशीनिंग-एमसीएफ-200 के तहत एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **बंद होने की तारीख 28.06.2025 को 11.00 बजे।** बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** 5-एक्सिस मशीन में बोगी फ्रेम मशीनिंग तथा एमसीएफ/रायबरेली में डिलीवरी। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 56,03,702। **बयाना राशिः** रु. 1,12,100। **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **निविदा अपलोडिंग की तारीख/समयः** 13.06.2025 को 17.58 बजे। **प्रस्ताव की वैधताः** 60 दिन। **समापन अवधिः** 4 महीने। **बोली शुरू होने की तारीखः** 14.06.2025। (MISC-96/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **डीईएन/3/हावड़ा। ई-निविदा सं. 76_2025-26-जोन, दिनांक 16.06.2025, कार्य का विवरणः** जोन सं. 30 - सम्पूर्ण हावड़ा मंडल में एसएसई/बीआर/एचडब्ल्यूएच द्वारा रखरखाव किए जाने वाले पुलों के लिए पुलों के सुपर स्ट्रक्चर के रखरखाव के साथ आनुषंगिक कार्यों के लिए जोनल कार्य, समापन अवधि 30.06.2026; **अनुमानित लागतः** रु. 1,00,00,000; **बयाना राशिः** रु. 2,00,000। **समापन अवधिः** दिनांक 30.06.2026 को समाप्त होने वाली अवधि। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 02.07.2025 को 14.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (इंएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी :** आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-146/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


### मुर्शिदाबाद की सुरक्षा में बड़ा प्रशासनिक कदम

# बैरकपुर से पुलिस की 8वीं बटालियन का तबादला, जंगीपुर जिले के सुती में तैनाती

**कोलकाता/मुर्शिदाबाद :** राज्य में आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए मुर्शिदाबाद जिले की सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में पश्चिम बंगाल पुलिस ने एक बड़ा कदम उठाया है। राज्य सशस्त्र पुलिस की 8वीं बटालियन, जो अब तक उत्तर 24 परगना के बैरकपुर में तैनात थी, उसे मुर्शिदाबाद के सुती इलाके में स्थानांतरित कर दिया गया है।




राज्य पुलिस मुख्यालय द्वारा 16 जून को जारी एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, 8वीं बटालियन को जंगीपुर पुलिस जिले के अंतर्गत आने वाले आहिरण मॉडल स्कूल परिसर में फिलहाल अस्थायी तौर पर स्थानांतरित किया गया है। इस बटालियन के साथ संबंधित अधिकारी, सशस्त्र बल, वाहन, हथियार आदि सभी संसाधन भी सुती भेजे जा रहे हैं।

हालांकि, जब तक सुती में बटालियन कर्मियों और अधिकारियों के परिवारों के रहने के लिए उपयुक्त व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक उनके परिवार बाराकपुर में ही निवास करेंगे। यह व्यवस्था अस्थायी रूप से की गई है।

नई कमांडेंट की नियुक्ति होने तक राज्य पुलिस की 9वीं बटालियन के कमांडेंट अस्थायी तौर पर 8वीं बटालियन के संचालन और प्रशासनिक कार्यों की निगरानी करेंगे।

सूत्रों के अनुसार, यह पूरा कदम जंगीपुर और उसके आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के मकसद से उठाया गया है। मुर्शिदाबाद सीमावर्ती और सामरिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण जिला होने के कारण सुरक्षा एजेंसियां इसे लेकर पहले से ही सतर्क थीं।

यह निर्णय स्पष्ट करता है कि राज्य प्रशासन चुनाव पूर्व और आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण के लिहाज से मुर्शिदाबाद जैसे जिलों में कड़ी निगरानी और प्रभावी बल की तैनाती सुनिश्चित करना चाहता है।

# 'काकु' ने पत्नी की बरसी पर लोगों को भोजन पर बुलाने की इजाज़त मांगी

### हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**कोलकाता :** शिक्षक भर्ती घोटाले जैसे कई भ्रष्टाचार मामलों में संलिप्तता के आरोपों में चर्चित सुजयकृष्ण भद्र, जिन्हें आमतौर पर 'कालीघाट के काकु' के नाम से जाना जाता है, अब एक नई याचिका के साथ कोलकाता हाई कोर्ट पहुंचे हैं। लंबे समय तक जेल में रहने के बाद वे फिलहाल बीमार स्वास्थ्य के चलते अंतरिम जमानत पर हैं और हाउस अरेस्ट में रह रहे हैं।

मंगलवार को सुजयकृष्ण ने अदालत में याचिका दायर करते हुए कहा कि उनकी पत्नी की तीसरी पुण्यतिथि नजदीक है, और इस अवसर पर वे परिचितों को भोजन पर आमंत्रित करना चाहते हैं। उन्होंने आग्रह किया कि यह आयोजन वे अपने घर के बाहर किसी स्थान पर करना चाहते हैं, क्योंकि उनके घर पर केंद्रीय सुरक्षा बल तैनात हैं और वे खुद गृहबंद हैं।

इस पर न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने पूछा, घर के बाहर क्यों? घर में आयोजन करने में क्या दिक्कत है? हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस विषय में राज्य सरकार की कोई भूमिका नहीं है। अदालत ने सीबीआई को निर्देश दिया है कि वह इस पर अपना पक्ष शुक्रवार तक अदालत को बताए।

अब देखना यह होगा कि क्या भद्र को घर के बाहर अपनी पत्नी की बरसी का आयोजन करने की अनुमति मिलेगी या नहीं। अदालत इस पर सीबीआई की रिपोर्ट के बाद फैसला सुनाएगी।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एमसी_डब्ल्यूसी_सेफ्टीऑडिट_25; दिनांक 13.06.2025;** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, कमरा सं. 42, पहली मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए पर्याप्त अनुभव एवं वित्तीय क्षमता रखने वाले प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निर्धारित निविदा प्रपत्र पर एकल पैकेट प्रणाली में मुहरबंद खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम/विवरणः** सियालदह, सीपी, एनएच डिपो में अग्नि सुरक्षा प्रबंधन पद्धति ऑडिट एवं आग के खतरे का आंकलन। **निविदा मूल्यः** रु. 49,91,518। **बयाना राशि :** रु. 99,800; **समापन अवधिः** 6 महीने। **बोली शुरू होने की तारीखः** 23.06.2025; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 07.07.2025 को 15.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः** 07.07.2025 को 15.00 बजे। निविदा दस्तावेज के साथ ई-निविदा सूचना एवं कार्य के लिए पात्रता के मानदंड **www.ireps.gov.in** (वेबसाइट यूआरएल) पर देखे एवं वहां से डाउनलोड किए जा सकते है। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। (SDAH-88/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# एमहर्स्ट स्ट्रीट थाना छेत्र में व्यक्ति की अस्वाभाविक मौत

**कोलकाता :** कोलकाता के एपीसी रोड पर मंगलवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति के अचेत अवस्था में फुटपाथ पर पड़े होने की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। यह घटना एपीसी रोड के सामने की है, जहां अम्हर्स्ट स्ट्रीट थाने की पुलिस सुबह करीब 8:57 बजे पहुंची। मौके पर पहुंचे एसआई ए. हक ने पाया कि एक व्यक्ति फुटपाथ पर निश्चल अवस्था में पड़ा है। तत्पश्चात जांच के दौरान वहीं मौजूद एक व्यक्ति, मोहम्मद रज़ू (58), निवासी 45ए/एच/10, कैनाल ईस्ट रोड, थाना नर्केलडांगा ने उस व्यक्ति की पहचान अपने छोटे भाई मोहम्मद सालाउद्दीन (50) के रूप में की। मृतक की पहचान के बाद यह जानकारी सामने आई कि सालाउद्दीन बैठकखाना रोड क्षेत्र की कई पेपर कटिंग दुकानों में मजदूरी का काम करता था और अधिकतर समय एपीसी रोड के फुटपाथ पर ही रहता था। वह शायद ही कभी अपने घर जाता था। पुलिस और परिजनों की मदद से सालाउद्दीन को तत्काल एनआरएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे सुबह 10:30 बजे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर की रिपोर्ट में इसे ब्रॉट डेड बताया गया। अब तक की जांच में किसी भी प्रकार की साजिश या आपराधिक हरकत के संकेत नहीं मिले हैं और न ही किसी ने कोई शिकायत दर्ज कराई है। फिलहाल पुलिस ने अप्राकृतिक मृत्यु का मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, जिससे मौत के असली कारण का पता चल सके। मौके से कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ है। मामले की जांच जारी है।

# सैन फ्रांसिस्को से मुंबई आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट में तकनीकी खराबी, कोलकाता में आपातकालीन लैंडिंग

❑ **दूसरे विमान से यात्रियों को मुंबई ले जाने की व्यवस्था की गई**

**कोलकाता, समाज्ञा :** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद एयर इंडिया की फ्लाइट्स में लगातार तकनीकी समस्या देखी जा रही है। मंगलवार को सैन फ्रांसिस्को से मुंबई आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट को कोलकाता में खाली करा दिया गया। सैन फ्रांसिस्को से कोलकाता होते हुए मुंबई जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट के इंजन में तकनीकी खराबी आई, जिसके कारण मंगलवार को शहर के एयरपोर्ट पर निर्धारित ठहराव के दौरान यात्रियों को विमान से उतारना पड़ा। जानकारी के मुताबिक, कोलकाता एयरपोर्ट पर टेक ऑफ के बाद पता चला कि एक इंजन में खराबी है। फ्लाइट एआई180 कोलकाता एयरपोर्ट पर रात लगभग



12.45 बजे पहुंची, लेकिन बाएं इंजन में तकनीकी खराबी के कारण उड़ान में देरी हुई। लगभग सुबह 5.20 बजे विमान में एक घोषणा की गई, जिसमें सभी यात्रियों को विमान से उतरने के लिए कहा गया। फ्लाइट के पायलट ने यात्रियों को बताया कि ये निर्णय उड़ान सुरक्षा के हित में लिया जा रहा है। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि एआई 315 फ्लाइट सुरक्षित रूप से लैंड कर चुकी है और सभी यात्रियों की मदद की जा रही है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि पायलट की ओर से उड़ान के दौरान ही संभावित समस्या का पता लगाने के बाद एहतियात के तौर पर विमान को वापस लौटा दिया गया। विमान हांगकांग में सुरक्षित तरीके से उतरा और एहतियात के तौर पर इसकी जांच की जा रही है।


**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, चौथी मंजिल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा 5 वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के तहत ऑटोमेटेड टेलर मशीनों (एटीएम) की स्थापना एवं संचालन की संविदा सुपुर्द करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। अधिक विवरण तथा ई-नीलामी में भाग लेने के लिए कृपया ई-नीलामी पट्टा प्रारूप के जरिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **नीलामी सूचीपत्र सं.: एटीएम-एचडब्ल्यूएच-जून-5; लॉट सं./श्रेणी, स्टेशन का नाम** निम्नलिखित हैं : **(1)** एटीएम-एचडब्ल्यूएच-जेआईटी-जन-102-24-1 (एटीएम-जनरल), जीराट रेलवे स्टेशन। **(2)** एटीएम-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-जन-73-25-2 (एटीएम-जनरल), हावड़ा डीआरएम कार्यालय, कंट्रोल कार्यालय के निकट। **(3)** एटीएम-एचडब्ल्यूएच-एएमबीजी-जन-97-24-1 (एटीएम-जनरल), आरामबाग रेलवे स्टेशन। **(4)** एटीएम-एचडब्ल्यूएच-पीडीए-जन-99-24-1 (एटीएम-जनरल), पाण्डुया रेलवे स्टेशन में एटीएम-II। **(5)** एटीएम-एचडब्ल्यूएच-पीकेआर-जन-109-25-1 (एटीएम-जनरल), पाकुड़ रेलवे स्टेशन। **नीलामी आरम्भ होने की तारीख/समयः** दिनांक 30.06.2025 को 14.00 बजे। (HWH-145/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## सुकांत मजूमदार ने सिख समुदाय से मांगी माफी

**कोलकाता, समाज्ञा :** सिख पुलिस अधिकारी के सिर पर हवाई चप्पल का कटआउट फेंककर सुकांत मजूमदार मुश्किल में फंस गए हैं। इस घटना के बाद से ही हर तरफ से आलोचनाओं का दौर चल रहा है। इसके अलावा, वे कानूनी पचड़े में भी फंस गए हैं। हालांकि, शुरुआत में उन्होंने इसे राजनीतिक साजिश बताया था, लेकिन दबाव में आकर आखिरकार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार की माफी मांगनी पड़ी। सुकांत ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि उन्होंने यह घटना उत्तेजना में आकर की। सुकांत पर आरोप है कि उन्होंने 12 जून को भाजपा के विरोध प्रदर्शन के दौरान एक सिख पुलिस अधिकारी पर हवाई टोपी का कटआउट फेंका था।

# कालीगंज उपचुनाव : प्रचार का शोर थमा, कल मतदान

## प्रचार के आखिरी दिन भाजपा, तृणमूल समेत अन्य दलों लगाई पूरी जान

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले में कालीगंज विधानसभा उप-चुनाव के लिए प्रचार मंगलवार की शाम को समाप्त हो गया। प्रचार के आखिरी दिन सड़कों पर जुलूस और विभिन्न राजनीतिक दलों की जनसभाएं देखने को मिलीं। यह उप-चुनाव तृणमूल कांग्रेस, भाजपा और कांग्रेस-वाम गठबंधन के बीच त्रिकोणीय मुकाबले का रूप लेता दिखाई दे रहा है। चुनावी चर्चा में पहचान आधारित राजनीति, मुर्शिदाबाद दंगों के बाद उपजी चिंताएं और 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद बढ़ा राष्ट्रवादी माहौल प्रमुख मुद्दे बनकर उभरे हैं। राजनीतिक दलों के सैकड़ों कार्यकर्ता अपने-अपने उम्मीदवारों के लिए समर्थन जुटाने के वास्ते सड़कों पर उतरे। बता दें



कि इस वर्ष की शुरुआत में तृणमूल कांग्रेस के विधायक नसीरुद्दीन अहमद के निधन के कारण यह उप-चुनाव आवश्यक हो गया था। तृणमूल कांग्रेस ने नसीरुद्दीन अहमद की बेटी, 38 वर्षीय अलीफा अहमद को अपना उम्मीदवार बनाया है। अलीफा अहमद बीटेक स्नातक और कॉर्पोरेट पेशेवर हैं। भाजपा ने स्थानीय पंचायत सदस्य और पूर्व मंडल अध्यक्ष आशीष घोष को उम्मीदवार बनाया है, जबकि कांग्रेस ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नीत वाम मोर्चा के समर्थन से काबिल उद्दीन शेख को उम्मीदवार बनाया है। इस निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2,52,670 पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें 1,30,363 पुरुष और 1,22,303 महिलाएं शामिल हैं। सुचारू एवं सुलभ मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदान केन्द्रों की संख्या घटाकर 309 कर दी गई है। मतदान 19 जून को होगा और मतों की गिनती 23 जून को होगी।


विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ PROPERTY ▪ RECRUITMENT
▪ EDUCATION ▪ NAME CHANGE ▪ PUBLIC NOTICE
▪ OBITUARY ▪ REMEMBRANCE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

## पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती के लिए बड़ी घोषणा:

# नवम-दशम में 23 हजार से अधिक और एकादश-द्वादश में 12 हजार से अधिक रिक्त पद



**कोलकाता :** स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) ने नवम–दशम और एकादश–द्वादश कक्षाओं के लिए सहायक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है। सोमवार से ऑनलाइन आवेदन लिंक सक्रिय कर दिया गया है। इस बीच पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा परिषद ने विषयवार रिक्त पदों की विस्तृत सूची तैयार कर एसएससी को सौंप दी है।

❑ **नवम–दशम कक्षा (कक्षा 9–10) :** सूत्रों के अनुसार, 23,000 से अधिक विषयवार रिक्त पद चिह्नित किए गए हैं। सबसे अधिक रिक्त पद भौतिक विज्ञान (फिजिक्स) में हैं – कुल 4352 पद। इसके बाद प्रमुख विषयों में रिक्तियों का विवरण:

■ जीवविज्ञान (बायोलॉजी) – 3911 पद
■ गणित (मैथ्स) – 3922 पद
■ अंग्रेज़ी – 3336 पद
■ बंगाली – 3024 पद

कुल मिलाकर 11 विषयों में रिक्त पदों की सूची को अंतिम रूप दिया गया है। साथ ही, विभिन्न माध्यमों और श्रेणियों (कैटेगरी) के अनुसार रिक्तियों का ब्योरा भी तैयार कर लिया गया है।

❑ **एकादश–द्वादश कक्षा (कक्षा 11–12) :** उच्च माध्यमिक स्तर पर भी 12,000 से अधिक रिक्त पद हैं। 35 विषयों में रिक्तियों की पहचान की गई है, जिनमें सबसे अधिक पद राजनीति विज्ञान (पोलिटिकल साइंस) में हैं – 1373 पद। अन्य प्रमुख विषयों में रिक्तियों की संख्या इस प्रकार है:

■ रसायन विज्ञान (केमिस्ट्री) – 1194 पद
■ शिक्षाशास्त्र (एजुकेशन) – 1147 पद
■ जीवविज्ञान (बायोलॉजी) – 919 पद
■ गणित – 785 पद
■ भौतिक विज्ञान (फिजिक्स) – 881 पद
■ अंग्रेज़ी – 594 पद
■ अर्थशास्त्र (इकोनॉमिक्स) – 506 पद
■ इतिहास – 572 पद
■ बंगाली – 390 पद

एसएससी को माध्यमवार और श्रेणिवार सभी रिक्तियों की सूची सौंप दी गई है, ताकि भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारु ढंग से आगे बढ़ाया जा सके।

❑ **अभ्यर्थियों के लिए संकेत :** इच्छुक अभ्यर्थी जल्द से जल्द आ–वेदन प्रक्रिया में भाग लें। इस बार की भर्ती प्रक्रिया में राज्य भर के हजारों योग्य अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर मिलने की संभावना है।

यह भर्ती पश्चिम बंगाल में लंबे समय से रुकी हुई शिक्षक नियुक्तियों को गति देने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

## बर्दवान विश्वविद्यालय में करोड़ों की हेराफेरी मामले में सीआईडी ने पूर्व कुलपति को किया तलब

**बर्दवान/कोलकाता :** बर्दवान विश्वविद्यालय में करीब दो करोड़ रुपये की हेराफेरी के मामले में सीआईडी ने विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति को तलब किया है। पूर्व कुलपति निमाईचंद्र साहा को बुधवार की सुबह 10:30 बजे सीआईडी कार्यालय में उपस्थित होने को कहा गया है। सीआईडी ने अपने पत्र में कहा है कि दो करोड़ रुपये के गबन मामले की विस्तृत जानकारी लेने के लिए निमाईचंद्र साहा को बुलाया जा रहा है। उन्हें वास्तविक घटना जानने के लिए सीआईडी के बर्दवान कार्यालय में उपस्थित होने को कहा गया है। विश्वविद्यालय के कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष अरिंदम मल्लिक ने बताया कि जब निमाई



कुलपति थे, तब हम उनसे पूरा मामला जानना चाहते थे। हमने श्वेत पत्र प्रकाशित करने की भी मांग की थी लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। घटना यूं ही हुई, एक दिन अचानक विश्वविद्यालय के अधिकारियों को पता चला कि विश्वविद्यालय के खाते से करीब एक करोड़ 94 लाख रुपये गायब हो गए हैं। यह पैसा बर्दवान के बड़ाबाजार इलाके में एक सरकारी बैंक से निकाला गया था। इस बात को लेकर काफी हंगामा हुआ था कि मैच्योरिटी डेट से पहले फिक्स्ड डिपॉजिट का पैसा कैसे गायब हो गया। उल्लेखनीय है कि ईड ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले की जांच भी शुरू कर दी है। गत 6 फरवरी, 2024 को उस बैंक से विश्वविद्यालय के फिक्स्ड डिपॉजिट के पैसे निकालने के लिए एक आवेदन प्रस्तुत किया गया था। पैसे को एक ठेकेदार कंपनी के खाते में जमा करने के लिए कहा गया था। बैंक अधिकारियों को इस बात पर संदेह था कि पैसे को विश्वविद्यालय के बचत खाते के बजाय ठेकेदार कंपनी के खाते में क्यों जमा करने के लिए कहा गया था।

## शादी के नौ महीने बाद गर्भवती महिला की संदिग्ध मौत, हत्या का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के राजरहाट इलाके में एक नवविवाहित महिला की मौत ने सनसनी मचा दी। मृतका की पहचान मेहेग अंसारी के रूप में हुई है। शादी के महज नौ महीने बाद ही इस 19 वर्षीय गर्भवती महिला का शव सोमवार सुबह उसके ससुराल से फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। बताया जा रहा है कि उसका विवाह प्रेम संबंध के बाद पास के गांव जगदीशपुर निवासी जाकिर हुसैन से हुआ था। जाकिर एक ऑनलाइन डिलीवरी कंपनी में कार्यरत है। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या की पुष्टि नहीं हो सकी है। मृतका के मायके पक्ष ने इसे हत्या बताते हुए आरोप लगाया है कि उनकी बेटी को मारकर लटका दिया गया। रजारहाट थाना ने इस घटना को लेकर अस्वाभाविक मृत्यु का मामला दर्ज करते हुए गंभीरता से जांच शुरू कर दी है।

## भाजपा सांसद अभिजीत गांगुली की सेहत में सुधार

### सुकांत के बाद शुभेंदु अधिकारी एवं दिलीप घोष ने की मुलाकात

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के सांसद अभिजीत गांगुली की तबीयत में सुधार हो रहा है। जिस अस्पताल में वह भर्ती हैं वहां से मंगलवार सुबह जारी बयान में यह जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि 63 वर्षीय गांगुली को एक्यूट पैंक्रियाटाइटिस और पाचन तंत्र में संक्रमण (जठरांत्र सेप्सिस) के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था। अस्पताल की ओर से जारी बयान के अनुसार, वह गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में करीबी निगरानी में हैं। बयान में कहा गया कि वह स्थिर हैं, लेकिन उनकी हालत अब भी गंभीर है और उन्हें लगातार निगरानी में रखा गया है। भर्ती के तीसरे दिन उनकी सेहत में बीते 24 घंटों में सुधार देखा गया है।



गांगुली के इलाज के लिए एक बहुविषयक चिकित्सकीय टीम गठित की गई है, जिसमें आंतरिक चिकित्सा और क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ, फेफड़ों के रोग विशेषज्ञ, अंतःस्रावी रोग विशेषज्ञ, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट और पाचन तंत्र के सर्जन शामिल हैं। यह टीम उनके इलाज की समन्वित और व्यापक निगरानी कर रही है।

## सेनको गोल्ड ने कोलकाता एयरपोर्ट से पहला हैंड कैरिज आभूषण निर्यात कर रचा इतिहास

**कोलकाता, समाज्ञा :** सेनको गोल्ड लिमिटेड ने कोलकाता अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रत्न एवं आभूषणों के पहले हैंड कैरिज निर्यात के माध्यम से एक नया इतिहास रच दिया है। 85 वर्षों की समृद्ध विरासत और पूर्वी भारत में 175 से अधिक शोरूमों के साथ अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने वाले सेनको ने 16 जून की सुबह यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। सेनको के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ सुवंकर सेन और कंपनी की मार्केटिंग एवं डिजाइन प्रमुख जोइता सेन इस निर्यात को व्यक्तिगत सामान (हैंड बैगेज) के रूप में लेकर इटली के मिलान में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय आभूषण प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए रवाना हुए।

इस ऐतिहासिक सफलता को कोलकाता कस्टम्स, जेम्स एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल, एएआई कार्गो लॉजिस्टिक्स एंड एलाइड सर्विसेज कंपनी लिमिटेड और बीवीसी लॉजिस्टिक्स के साझा प्रयासों से संभव बनाया गया। इस अभियान का नेतृत्व शिवाजी एच. डांगे, आईआरएस, प्रधान आयुक्त, कस्टम्स, कोलकाता और जीजेईपीसी पूर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष पंकज पारेख ने किया। इस अवसर पर सुवंकर सेन ने कहा, सेनको गोल्ड लिमिटेड कोलकाता कस्टम्स और जीजेईपीसी की इस



ऐतिहासिक पहल का हिस्सा बनकर गौरवान्वित है। यह प्रयास कोलकाता से रत्न और आभूषणों के निर्यात को व्यापक रूप से बढ़ावा देगा और भारत की वैश्विक उपस्थिति को और सुदृढ़ करेगा।

वहीं, पंकज पारेख ने कहा, यह मेरे लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। इस पहल को साकार करने में एस.एच. डांगे, आईआरएस की दूरदर्शिता, ए. भारद्वाज व एस. मंडल (संयुक्त आयुक्त, कस्टम्स) और एस. रॉय (डिप्टी कमिश्नर, कस्टम्स) के अथक प्रयासों की अहम भूमिका रही है। मैं सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

## एसबीआई लाइफ की पापाहैना फिल्म पिता के वादे निभाने की दिल को छू लेने वाली यात्रा को दर्शाती है

**कोलकाता :** पापा हमेशा परिवार की रीढ़ की हड्डी की तरह होते हैं, जो बिना शोर मचाए चुपचाप पूरी ताकत और भरोसे के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। वे अपने काम और परिवार के बीच संतुलन बनाए रखते हैं और बिना कुछ कहे अपने परिवार की खुशियों और भविष्य को सबसे ऊपर रखते हैं। इस फादर्स डे पर एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने अपनी डिजिटल सीरीज़ पापाहैना के तहत एक भावुक फिल्म पापा भूलते नहीं पेश की है, जो पिता की खामोश ताकत और उनके निभाए गए वादों को बड़ी ही संजीदगी के साथ दर्शाती है। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के चीफ ब्रांड कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर रविंद्र शर्मा ने इस वीडियो के लॉन्च पर कहा, पापा हमारे जीवन के वो साइलेंट हीरो होते हैं, जो हमेशा हमारे साथ होते हैं, जिम्मेदार और निस्वार्थ। वो भले ही अपने जज़्बात ज़्यादा जाहिर न करें, लेकिन अपने अपनों से किए गए वादे कभी नहीं भूलते। 'पापा भूलते नहीं', एसबीआई लाइफ के पापाहैनना कैंपेन के तहत आई ये नई डिजिटल फिल्म, ऐसे ही उन सभी पिताओं को एक सलाम है जो अपनी जिम्मेदारियों और रिश्तों को पूरे समर्पण से निभाते हैं।

## भारतीय इक्विटी ने मजबूत मैक्रोइकॉनमिक आधार पर प्रगति की

**कोलकाता :** पीएल एसेट मैनेजमेंट की 'पीएमएस स्ट्रैटेजी अपडेट्स एंड इनसाइट्स' रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय बाजारों ने वैश्विक समकक्षों की तुलना में मामूली वृद्धि दर्ज की।इसमें विशेष रूप से रक्षा क्षेत्र में मजबूत लाभ के कारण मिड और स्मॉल कैप ने मजबूत प्रदर्शन किया, खासकर चक्रीय क्षेत्रों में।रिपोर्ट में भारत की निरंतर मैक्रोइकॉनमिक ताकत पर प्रकाश डाला गया है, जिसमें मजबूत टैक्स कलेक्शन, कम होती महंगाई दर, मजबूत पीएमआई प्रदर्शन और बढ़ते विदेशी मुद्रा भंडार देश की विकास गति का समर्थन कर रहे हैं। सिद्धार्थ वोरा, हेड – क्वॉन्ट इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजीज़ एंड फंड मैनेजर, पीएल एसेट मैनेजमेंट और एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, पीएल कैपिटल – प्रभुदास लीलाधर ने कहा, भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति और बेहतर वैश्विक माहौल मिलकर शेयर बाजार के निवेशकों के लिए एक अच्छा अवसर प्रदान करते हैं। एक्वा का लचीला क्वॉन्ट नजरिया बाजार के रुझानों और क्षेत्रों के साथ तालमेल बिठाकर जोखिम और रिटर्न को संतुलित करने में मदद करता है, और यह बदलते माहौल में लगातार बेहतर प्रदर्शन करता रहता है।

## इंटेरियो ने आधुनिक भारतीय ऑफिसों के लिए लचीले कैफे फर्नीचर की नई रेंज पेश की

**कोलकाता :** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के मशहूर फर्नीचर ब्रांड इंटेरियो ने ऑफिस फर्नीचर में अपनी ताज़ा पेशकश – पेप–अप कैफे टेबल रेंज – लॉन्च की है। यह नया फर्नीचर कलेक्शन काम, स्टाइल और आराम का शानदार मेल है, जो आधुनिक ऑफिसों में अनौपचारिक सहयोग वाले इलाकों को और बेहतर बनाता है। इस नए इनोवेटिव कॉन्सेप्ट के बारे में बात करते हुए, समीर जोशी, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और बी2बी बिजनेस हेड, इंटेरियो ने कहा, इंटेरियो में हम ऐसे प्रोडक्ट्स बनाते हैं जो इंसान को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किए जाते हैं और ऑफिसों के लिए लचीले समाधान देते हैं। गोदरेज इंटेरियो का संस्थागत फर्नीचर बिजनेस वित्त वर्ष 27 तक 19% की बढ़ोतरी की उम्मीद करता है, और हम अगले दो साल में इस सेगमेंट में 45 से ज़्यादा नए प्रोडक्ट्स लाने की तैयारी कर रहे हैं।

## मैदान इलाके से ताजा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार, मुंगेर कनेक्शन की फिर आशंका

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता में एक बार फिर ताजा कारतूस बरामद हुए हैं। इस बार मैदान इलाके से शाहिदुल्ला मलिक नाम के एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार, पिछले महीने ही धर्मतला बस स्टैंड इलाके से बड़ी मात्रा में कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया था। उसी से पूछताछ के आधार पर शाहिदुल्ला की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मंगलवार को कोलकाता पुलिस की एसटीएफ ने गुप्त सूचना के आधार पर मैदान इलाके में अभियान चलाया। वहां, एक युवक को संदिग्ध रूप से घूमते देखा गया। जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसके पास से 7.56 मिमी पिस्तौल के 10 ताजा कारतूस बरामद किए गए। गिरफ्तार युवक शाहिदुल्ला मलिक पूर्व वर्दवान जिले के मंगलकोट का निवासी है। इससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या वह भी हथियार और कारतूस की तस्करी में एक कैरियर के रूप में शामिल है? मंगलवार को ही आरोपी को बैंकशाल कोर्ट में पेश किया गया, जहां न्यायाधीश ने उसे 30 जून तक पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया है। पुलिस अब उससे पूछताछ कर इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है।

### डीवाईएफआई में नेतृत्व परिवर्तन लगभग तय,

## मीनाक्षी मुखोपाध्याय हटेंगी पद से, नया नेता कौन?

❑ **बर्दवान बनाम कोलकाता लॉबी में संघर्ष तेज**

**कोलकाता :** सीपीएम की युवा शाखा डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीवाईएफआई) की पश्चिम बंगाल इकाई में बड़े बदलाव की तैयारी है। वर्तमान राज्य सचिव मीनाक्षी मुखोपाध्याय का पद से हटना अब लगभग तय माना जा रहा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, डीवाईएफआई के नए राज्य नेतृत्व को लेकर कोलकाता और बर्धमान लॉबी के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा शुरू हो चुकी है।

बर्दवान जिला इकाई से युवा नेता अयनांशु सरकार का नाम प्रमुखता



से सामने आ रहा है। बर्धमान लॉबी चाहती है कि वर्तमान डीवाईएफआई राज्य अध्यक्ष ध्रुवज्योति साहा को सचिव बनाया जाए और अयनांशु को नया अध्यक्ष नियुक्त किया जाए। दूसरी ओर, कोलकाता जिला सीपीएम का एक हिस्सा चाहता है कि कलतान दासगुप्ता को युवा संगठन का अध्यक्ष या सचिव बनाया जाए। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, इन दोनों लॉबी के बीच इस मुद्दे पर तीव्र संघर्ष छिड़ा हुआ है और यह तय करना आसान नहीं कि अंततः दोनों पदों पर किसे नियुक्त किया जाएगा।

इसी बीच, सीपीएम के छात्र संगठन एसएफआई की अखिल भारतीय नेता दीप्सिता धर का नाम भी चर्चा में है। हालांकि, दीप्सिता इस समय दिल्ली शाखा की सदस्य हैं, और बंगाल सीपीएम की किसी इकाई में उनकी कोई औपचारिक भूमिका नहीं है। बावजूद इसके, पार्टी का एक धड़ा चाहता है कि उन्हें बंगाल सीपीएम की सदस्यता दिलाकर मीनाक्षी मुखोपाध्याय की जगह डीवाईएफआई की राज्य सचिव बनाया जाए।

गौरतलब है कि मीनाक्षी मुख–ोपाध्याय वर्तमान में सीपीएम की राज्य सचिवमंडली की सदस्य हैं और उन्हें हाल ही में केंद्रीय समिति का सदस्य भी बनाया गया है। ऐसे में पार्टी संगठन की जिम्मेदारी बढ़ने के कारण उन्हें डीवाईएफआई से हटना ही होगा। मीनाक्षी भी बर्धमान लॉबी की ही सदस्य मानी जाती हैं।

अब देखना यह है कि पार्टी किस लॉबी की दावेदारी को स्वीकार करती है और डीवाईएफआई के अगले अध्यक्ष और सचिव की जिम्मेदारी किसे सौंपी जाती है।

## केबीसी ग्लोबल ने धरन इंफ्रा सोलर के जरिए अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में रखा कदम

**कोलकाता, समाज्ञा :** नासिक स्थित इंफ्रास्ट्रक्चर और ईपीसी क्षेत्र की अग्रणी कंपनी केबीसी ग्लोबल लिमिटेड ने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में विस्तार करते हुए अपनी नई पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक कंपनी 'धरन इंफ्रा सोलर प्राइवेट लिमिटेड' के गठन की घोषणा की है। 13 जून को आयोजित निदेशक मंडल की बैठक में इस निर्णय को स्वीकृति दी गई। नई कंपनी सौर ऊर्जा और हाइब्रिड एनर्जी समाधानों के डिजाइन, निर्माण, अनुसंधान और वितरण में कार्य करेगी। इसका उद्देश्य ग्रीन एनर्जी में रणनीतिक उपस्थिति को सुदृढ़ करना और भारत के ऊर्जा संक्रमण में योगदान देना है। यह कंपनी पूरी तरह से धरन इंफ्रा–ईपीसी लिमिटेड के स्वामित्व में होगी। कंपनी प्रबंधन के अनुसार, यह पहल केबीसी की स्थायित्व एवं हरित विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब भारत रिन्युएबल एनर्जी के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है और यह रणनीति केबीसी की दीर्घकालिक व्यापार वृद्धि को गति देगी।

## हावड़ा मंडल ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में योग कार्यशाला की आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा**

हावड़ा मंडल द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में योग से संबंधित विभिन्न गतिविधियों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। 16 जून को मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के निर्देशानुसार इस पहल की शुरुआत की गई, जिसमें व्याख्यान, कार्यशालाएं और योग विशेषज्ञों द्वारा सेमिनार शामिल हैं। इसी क्रम में हावड़ा मंडल के पर्सनल विभाग द्वारा मंगलवार को पीबीआर–आरसी हॉल, हावड़ा में एक योग कार्यशाला सफलतापूर्वक आयोजित की गई। कार्यशाला में योग विशेषज्ञों ने विभिन्न आसनों, विश्रांति तकनीकों और ध्यान पद्धतियों का प्रदर्शन किया। इस योग कार्यशाला में रेलवे कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो हावड़ा मंडल की स्वास्थ्य, कल्याण और संतुलित जीवनशैली के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## ब्रह्मऋषि कोलकाता के वार्षिक सम्मेलन में संगठन एकता और गौरव गाथा पर बल

**कोलकाता, समाज्ञा :** ब्रह्मऋषि कोलकाता के तत्वावधान में गोपाल भवन बांदाघाट, हावड़ा में आयोजित वार्षिक सम्मेलन में 15 जून को भगवान परशुराम और भारतवर्ष के सबसे बड़े किसान नेता स्वामी सहजानंद को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर समाज के भविष्य मेधावी छात्र और छात्राओं को सम्मानित किया जो इस वर्ष माध्यमिक और उच्च माध्यमिक परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए थे। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के भू समाज के अलग अलग क्षेत्र राजनीति, प्रशासनिक अधिकारी, व्यापार, कॉरपोरेट और शिक्षा जगत के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर समाज के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ कमलेश राय, डॉ हरेंद्र शुक्ला और डॉ संतोष त्रिवेदी को सम्मानित किया गया।

इस सभा को प्रोफेसर वेद रमन पांडेय, डॉ ऋषिकेश राय, प्रोफेसर शिवनाथ पांडेय, उमेश राय, राजेश



सिन्हा एवं अन्य गणमान्य लोगों ने संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने मंच से कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी बात रखते हुए कुछ अभूतपूर्व घोषणाएं की, जैसे पूरे पश्चिम बंगाल में जितने भी छोटी मोटी ब्रह्मऋषि संस्थाएं है सारी संस्थाओं का एक साथ समागम हो, अलग–अलग शाखाएं हो मगर शीर्ष संस्था एक ही हो इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी सम्मानित सदस्यों ने कंधे से कंधे मिलाकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संगठन और समाज को प्राथमिकता देते हुए समाज के गौरवपूर्ण इतिहास को भी संग्रहीत कर पुस्तक या डिजिटल संस्करण में बनाने के प्रस्ताव पर आम सहमति हुई। ब्रह्मऋषि कोलकाता जिसका निर्माण लॉकडाउन में 2020 में एक व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से हुआ था। आज अपने पांचवे वर्ष में संस्था हर उस सदस्य को अपने में समाहित कर लेती है, जो संस्था के उद्देश्य और कार्यकलापों में शामिल होता हैं, क्योंकि ब्रह्मऋषि कोलकाता व्यक्ति सर्वोपरि नहीं संस्था सर्वोपरि के सिद्धांत पर यकीन रखता है।

## पूर्व रेलवे ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में ध्यान सत्र का किया आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के फेयरली प्लेस स्थित मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 की पूर्व संध्या पर मंगलवार को कोलकाता में पर्सनल विभाग द्वारा हार्टफुलनेस मेडिटेशन सेंटर के सहयोग से एक विशेष ध्यान (मेडिटेशन) सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का संचालन हार्टफुलनेस मेडिटेशन सेंटर के प्रमाणित प्रशिक्षकों द्वारा किया गया, जिन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को सरल और प्रभावी ध्यान तकनीकों का अभ्यास कराते हुए उनके मानसिक स्वास्थ्य, आत्मिक शांति और दैनिक जीवन में धैर्य विकसित करने के लिए मार्गदर्शन दिया। इस ध्यान सत्र में लगभग 100 रेलवे अधिकारी और कर्मचारी उत्साहपूर्वक शामिल हुए, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य और सजगता को लेकर अब एक नई जागरूकता का विकास हो रहा है। पूर्व रेलवे का यह आयोजन न केवल योग दिवस की तैयारियों का हिस्सा रहा, बल्कि यह भारतीय रेलवे की अपने कर्मचारियों के लिए समग्र स्वास्थ्य और संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

## पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने मरियानी स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम किया शुरू

**मालीगांव/कोलकाता :** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पू. सी. रेलवे) ने तिनसुकिया मंडल के अंतर्गत मरियानी स्टेशन पर आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ईआई) प्रणाली को 13 जून 2025 को सफलतापूर्वक चालू कर दिया। इस प्रणाली की शुरुआत के साथ ही पहली रेलगाड़ी, ट्रेन संख्या 15604 (गुवाहाटी इंटरसिटी एक्सप्रेस) ने रात 21:55 बजे सिग्नल पार कर एक नए युग की शुरुआत की। यह नई सिग्नलिंग व्यवस्था ट्रेन परिचालन की संरक्षा, दक्षता और विश्वसनीयता को बढ़ाने के उद्देश्य से लागू की गई है। इसे 135 रूटों के साथ कॉन्फ़िगर किया गया है और बेहतर ऑपरेटर इंटरफेस के लिए 2 डुअल वीडीयू से सुसज्जित किया गया है। स्टेशन पर 12 लाइनें (5 रनिंग और 7 नॉन–रनिंग) हैं, जिनमें 33 प्वाइंट मशीनें लगी हैं। संरक्षा बढ़ाने के लिए इस प्रणाली में 19 मुख्य सिग्नल, 30 शंट सिग्नल और 44 डीसी ट्रैक सर्किट शामिल हैं। बिजली आपूर्ति के लिए 3 आईपीएस यूनिट और 300 एएच बैटरी बैंक लगाए गए हैं। सटीक प्रणाली निगरानी और त्रुटि विश्लेषण के लिए 3 लॉगर्स स्थापित किए गए हैं, जिनमें प्रत्येक में 512 डिजिटल और 32 एनालॉग इनपुट हैं। स्टेशन के दो मानवयुक्त ट्रैफिक फाटकों को भी सिग्नलिंग सिस्टम से जोड़ा गया है और फायर अलार्म सिस्टम लगाए गए हैं। ब्लॉक कार्य के लिए यूएफएसबीआई के साथ एचएएसएसडीएसी सिस्टम के तीन सेट लगाए गए हैं। इस परियोजना से पुराने सिग्नलिंग उपकरण हटाकर आधुनिक तकनीक को अपनाया गया है, जो पू. सी. रेलवे की संरक्षा और दक्षता बढ़ाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## एम.सी.केजरीवाल विद्यापीठ का 29वां स्थापना दिवस समारोह भव्यता के साथ सम्पन्न

**हावड़ा :** एम.सी.केजरीवाल विद्यापीठ ने अपने 29वें स्थापना दिवस को भव्य उत्सव के रूप में मनाया। वर्ष 1997 में समाजसेवी स्वर्गीय श्याम सुंदर केजरीवाल द्वारा स्थापित यह शिक्षण संस्थान आज हावड़ा का एक प्रमुख विद्यालय बन चुका है।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिरला इंडस्ट्रियल एंड टेक्नोलॉजिकल म्यूजियम, कोलकाता के शिक्षा विभाग प्रमुख तरुण दास उपस्थित थे। उनके साथ चेयरमैन किशनकुमार केजरीवाल, सीईओ पार्थसारथी चक्रवर्ती, ट्रस्टी अभय केजरीवाल, निदेशक नीलकंठ गुप्त, प्रधानाध्यापक बिश्वजीत मजूमदार और एम.सी.केजरीवाल इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग के प्राचार्य अभिजीत लाहिड़ी समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति और अभिभावकगण भी उपस्थित थे।



दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में छात्रों ने भारतीय शास्त्रीय संगीत 'क्लासिक्स डाउन द लेन' और नृत्य नाटिका 'द स्क्रीन बिटवीन अस' प्रस्तुत की, जिसमें मोबाइल के दुष्परिणाम को दर्शाया गया।

चेयरमैन किशनकुमार केजरीवाल ने विद्यालय की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को समाज के प्रति समर्पण का संदेश दिया। इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह में आईसीएसई और आईएससी में सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्रों को उनके माता–पिता की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। 95% से अधिक अंक लाने वाले 21 छात्रों को छात्रवृत्ति भी प्रदान की गई।

विद्यालय में उत्कृष्ट सेवा के लिए शिक्षकों और कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। साथ ही, वार्षिक पत्रिका 'वॉयेज' का विमोचन किया गया और सदन प्रतियोगिता में विजेता सदनों को सम्मानित किया गया।

अतिथि सुमन सूद ने विद्यालय के कार्यों की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापक बिश्वजीत मजूमदार ने किया। दीपांशु मित्र और साक्षी सिंह ने मंच संचालन किया। समारोह में विद्यालय समुदाय के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## आज से कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने राज्य के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में स्नातक स्तर पर दाखिले के लिए एक केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है। मंगलवार को राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने इसका उद्घाटन किया। हालांकि, उद्घाटन के समय तकनीकी गड़बड़ी के कारण कार्यक्रम कुछ देर के लिए बाधित हुआ, जिस पर मंत्री ने असंतोष भी जताया और पूर्व परीक्षण को लेकर सवाल उठाए। इस पोर्टल के माध्यम से छात्र बुधवार की सुबह 10 बजे से दाखिले के लिए आवेदन कर सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि एक जुलाई 2025 तय की गई है। नामांकन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी और इसके लिए किसी छात्र




की कॉलेज में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी। आवेदन के लिए छात्रों को पहले पोर्टल पर कुछ जानकारी देकर रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसके बाद, उन्हें यूजर आईडी और पासवर्ड मिलेगा, जिसकी मदद से वे लॉग इन कर सकेंगे। एक छात्र अधिकतम 25 कॉलेजों में अपनी पसंद के अनुसार आवेदन कर सकता है। आवेदन की समयसीमा के भीतर बह अपनी प्राथमिकता सूची और विषयों में बदलाव भी कर सकेगा।

# कालीगंज उपचुनाव देश में रोल मॉडल साबित होगा : चुनाव आयोग

**कोलकाता, समाज्ञा :** आगामी 19 जून को होने वाले कालीगंज विधानसभा उपचुनाव इस बार चुनाव आयोग में कई अभूतपूर्व कदम उठाने जा रहा है। आयोग का दावा है कि आने वाले दिनों में यह देशभर के सभी चुनावों के लिए रोल मॉडल बनने जा रहा है। मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोग ने कालीगंज विधानसभा उपचुनाव के लिए दिशा-निर्देश जारी किए। चुनाव आयुक्त ने कहा कि यह पहल चुनावों में पारदर्शिता और नागरिक सहयोग बढ़ाने के लिए है। अब से प्रत्येक बूथ पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या बढ़ाकर 1,200 की जा रही है। जिसका मतलब है कि आने वाले दिनों में राज्य में कुल बूथों की संख्या बढ़ने जा रही है। आयोग के सूत्रों के मुताबिक, अभी तक राज्य में कुल बूथों की संख्या 81 हजार थी। इस बार, नए नियमों के चलते यह बढ़कर करीब एक लाख हो जाएगी। वहीं, अब से मतदान के लिए वॉलंटियर नहीं रखे जाएंगे। इसकी जगह आयोग ने एनसीसी एनएसएस जैसी फोर्स का इस्तेमाल करने का फैसला किया है। इसके अलावा, इस बार मतदाता अपने मोबाइल फोन साथ लेकर चलेंगे, लेकिन सभी बूथों पर बूथ में प्रवेश करने से पहले उसे रखने के लिए जगह बनाई जाएगी। आयोग ने बताया कि चुनाव को अधिक पारदर्शी, सहभागी और तकनीक आधारित बनाने के लिए 19 फरवरी से 10 जून के बीच कुल 23 पहल लागू की गई हैं। कालीगंज विधानसभा उपचुनाव में ऐसा पहली बार देखने को मिलेगा। इस दृष्टि से यह चुनाव पूरे देश के लिए एक मॉडल बनने जा रहा है। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और भारत के निर्वाचन आयोग के सहायक निदेशक (मीडिया) द्वारा कोलकाता के बंगाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एंड डिजिटल मीडिया के मीडिया अधिकारियों और रिपोर्टरों के साथ बातचीत की।



## भाजपा विधायक ने विधानसभा में डब्ल्यूबीसीएस परीक्षा में नेपाली को वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल करने का उठाया मुद्दा

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार जिले के कालचीनी से भाजपा विधायक विशाल लामा ने मंगलवार को विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान पश्चिम बंगाल सिविल सेवा (डब्ल्यूबीसीएस) परीक्षा में नेपाली व गोरखा भाषा को वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल करने की मांग की। शून्यकाल के दौरान उन्होंने विधानसभा के नियम- 351 के तहत यह मुद्दा उठाते हुए राज्य सरकार का इसपर ध्यान आकर्षित किया। लामा ने कहा कि नेपाली भाषा में जो युवा पढ़-लिख कर व उच्च शिक्षा प्राप्त कर डब्ल्यूबीसीएस, सिविल सेवा आदि की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें बहुत असुविधा हो रही है। क्योंकि डब्ल्यूबीसीएस में वैकल्पिक विषय में नेपाली नहीं है। इसके कारण विशेषकर दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, तराई, डुआर्स और उत्तर बंगाल के अन्य क्षेत्रों के गोरखा और आदिवासी समुदायों के छात्र प्रभावित हो रहे हैं। यह कहीं न कहीं गोरखा-नेपाली भाषी विद्यार्थियों के साथ अन्याय है। उन्होंने डब्ल्यूबीसीएस परीक्षा में इसे वैकल्पिक विषय के रूप में अविलंब शामिल करने की मांग की। उन्होंने उल्लेख किया कि नेपाली भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची के तहत संवैधानिक रूप से मान्यता प्राप्त भाषा है। लामा ने कहा कि नेपाली, हिंदी, संथाली और उर्दू में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों की एक बड़ी संख्या है और इन भाषाओं को डब्ल्यूबीसीएस परीक्षा से बाहर रखने से उनकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि और आकांक्षाएं कमजोर होती हैं। मालूम हो कि लामा ने हाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी पत्र लिखकर डब्ल्यूबीसीएस परीक्षा में नेपाली को वैकल्पिक विषय के रूप में तथा हिंदी, संथाली, उर्दू को अनिवार्य विषय के रूप में तत्काल शामिल करने का अनुरोध किया था। लामा ने बताया कि मुझे उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय के हिल स्टूडेंट्स एसोसिएशन और आल बंगाल आदिवासी स्टूडेंट्स एसोसिएशन से भी इस संबंध में पत्र मिला था, जिसमें यह चिंता व्यक्त की गई है कि सैकड़ों छात्र इस उम्मीद के साथ तैयारी कर रहे हैं कि ये भाषाएं डब्ल्यूबीसीएस परीक्षा में वैकल्पिक या अनिवार्य विषय के रूप में उपलब्ध होंगी। नेपाली को लगातार बाहर रखने से, साथ ही संवैधानिक रूप से मान्यता प्राप्त अन्य भाषाओं के अपर्याप्त प्रतिनिधित्व से भेदभाव की धारणा बनती है।

### बड़ाबाजार से मोबाइल चोरी के आरोपी की गिरफ्तारी

**कोलकाता :** कोलकाता के बड़ाबाजार इलाके में सोमवार दोपहर अपराध नियंत्रण अभियान के दौरान एक युवक को मोबाइल चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान मोहम्मद तौफिक (20) के रूप में हुई है, जो गार्डनरीच थाना क्षेत्र के बिचाली घाट के पास झोपड़ी में रहता है। उसके खिलाफ कसबा थाना कांड संख्या 225, दिनांक 27.05.2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के अंतर्गत मामला दर्ज था। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने चोरी हुआ मोबाइल फोन बरामद कर लिया, जिसे सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद असली मालिक को जिम्मानामा पर सौंप दिया गया। घटना की जांच डिटेक्टिव डिपार्टमेंट की वॉच सेक्शन टीम द्वारा की गई थी। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अपराधियों की धरपकड़ के लिए इस प्रकार की छापेमारी अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### माध्यमिक की पुनरीक्षण (पीपीआर) और पुनर्मूल्यांकन (पीपीएस) का रिजल्ट बुधवार को होगा जारी

❑ **ऑनलाइन ऐसे देखें परिणाम – बोर्ड ने जारी की जानकारी**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (डब्ल्यूबीबीएसई) ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि माध्यमिक परीक्षा 2025 के पुनरीक्षण (पीपीआर) और पुनर्मूल्यांकन (पीपीएस) के परिणाम बुधवार, 18 जून को सुबह 9 बजे प्रकाशित किए जाएंगे। बता दें कि 2 मई को माध्यमिक परीक्षा के परिणाम जारी किए गए थे, जिसके बाद बड़ी संख्या में छात्रों ने अपने अंकों की समीक्षा और स्क्रूटिनी के लिए आवेदन किया था। छात्र-छात्राएं https://result.wbbse-data.com वेबसाइट पर जाकर अपना रोल नंबर और जन्मतिथि दर्ज करके लॉगइन करते ही अपना पीपीआर/पीपीएस परिणाम देख सकेंगे। सभी स्कूल अपने-अपने लॉगिन के जरिए पीडीएफ फॉर्मेट में अपने छात्रों के सामूहिक परिणाम डाउनलोड कर सकेंगे। बोर्ड की ओर से स्पष्ट किया गया है कि जिन छात्रों के अंकों में बदलाव हुआ है, उन्हें सात कार्यदिवस के भीतर अपने संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय से संशोधित मार्कशीट और प्रमाणपत्र एकत्र करना होगा। इसके लिए छात्रों को पुराना (मूल) मार्कशीट और सर्टिफिकेट जमा करना अनिवार्य होगा। बोर्ड के सचिव सुब्रत घोष ने सभी विद्यालयों और निरीक्षकों से सक्रिय सहयोग की अपील करते हुए कहा कि परिणाम समय पर प्रकाशित किया जा रहा है और संशोधित दस्तावेजों के वितरण में भी मदद आवश्यक है। छात्रों और स्कूलों से आग्रह है कि वे निर्धारित समय के भीतर आवश्यक कार्रवाई करें ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

## कसबा में एक ही परिवार के तीन लोगों ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**कोलकाता :** कोलकाता के राजडांगा गोल्ड पार्क इलाके से सोमवार शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। करीब 18:10 बजे कासबा थाना को सूचना मिली कि 50, राजडांगा गोल्ड पार्क के दूसरे मंज़िल पर रहने वाले परिवारजन सुबह से घर का दरवाज़ा नहीं खोल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और देखा कि फ्लैट का कॉलेप्सिबल गेट अंदर से बंद है, और लकड़ी का मुख्य दरवाज़ा भी भीतर से बंद है।

स्थानीय लोगों की मौजूदगी में पुलिस ने दरवाज़ा तोड़ा। घर के भीतर प्रवेश करने पर सामने आया हृदयविदारक दृश्य–डाइनिंग हॉल में एक पुरुष का शव छत से लटका मिला, जिसे बाद में सराजीत भट्टाचार्य (लगभग 70 वर्ष) के रूप में पहचाना गया। घर के अंदर एक कमरे में और दो शव मिले–एक महिला और एक पुरुष का। महिला की पहचान उनकी पत्नी गार्गी भट्टाचार्य (लगभग 68 वर्ष) और पुरुष की पहचान उनके बेटे आयुष्मान भट्टाचार्य (लगभग 38 वर्ष) के रूप में हुई।



पुलिस ने तीनों को फंदे से नीचे उतारा। मौके पर होमिसाइड स्क्वाड और डिटेक्टिव डिपार्टमेंट की टीम भी पहुंची। एक स्थानीय डॉक्टर ने तीनों को जांच कर मृत घोषित कर दिया। हालांकि, मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट होगा।

प्रारंभिक जांच में पुलिस को घर से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें लिखा है कि वे अपनी इच्छा से दुनिया छोड़ रहे हैं। सराजीत भट्टाचार्य के बारे में जानकारी मिली है कि वह पहले प्रॉपर्टी ब्रोकर का काम करते थे।

इस त्रासदी ने इलाके में शोक की लहर दौड़ा दी है। फिलहाल पुलिस ने एक अप्राकृतिक मृत्यु मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ब्लैकस्टोन ने कोलकाता में साउथ सिटी मॉल को 3,250 करोड़ रुपये में खरीदा

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के रिटेल रियल एस्टेट सेक्टर में एक बड़ी डील सामने आई है। वैश्विक निवेश फर्म ब्लैकस्टोन ने कोलकाता के प्रतिष्ठित साउथ सिटी मॉल का अधिग्रहण 3,250 करोड़ में किया है। यह जानकारी इकोनॉमिक्स टाइम्स रियलिटी द्वारा मिली है। इस सौदे में अनारॉक ग्रुप ने लेन देन और सलाहकार की भूमिका निभाई। बता दें कि साउथ सिटी मॉल का निर्माण साउथ सिटी प्रोजेक्ट्स (कोलकाता) द्वारा किया गया था, जो कि मर्लिन ग्रुप, इमामी ग्रुप, साची ग्रुप, सुरेखा ग्रुप, जेबी ग्रुप और रमेश्वरा ग्रुप का एक संयुक्त उपक्रम है। यह मॉल जनवरी 2008 में शुरू हुआ था और आज यह कोलकाता का एक प्रमुख शॉपिंग डेस्टिनेशन बन चुका है। करीब दस लाख वर्गफुट में फैले इस मॉल का सालाना कारोबार 18 हजार करोड़ से अधिक है। मर्लिन ग्रुप के चेयरमैन और साउथ सिटी प्रोजेक्ट्स के निदेशक सुशील मोहता ने इस डील की पुष्टि करते हुए बताया कि यह निर्णय रणनीतिक दृष्टिकोण से लिया गया है। उनके अनुसार, हम अगली पीढ़ी के लिए नई योजनाओं पर काम कर रहे हैं। पुराने संयुक्त उपक्रम से बाहर निकलने से भविष्य की परियोजनाओं के लिए मार्ग प्रशस्त होगा। ब्लैकस्टोन ने अच्छा मूल्य प्रस्तावित किया था, इसलिए हमने यह सौदा स्वीकार किया। मर्लिन ग्रुप की आगामी योजनाओं में पश्चिम बंगाल में दो नए मॉल खोलने की तैयारी शामिल है, जिनमें से एक मॉल जोका, कोलकाता में विकसित किया जा रहा है, जिसकी आकार करीब पांच लाख वर्गफुट होगी। इसके साथ ही समूह कोलकाता के सेक्टर वी में पांच मिलियन वर्गफुट का एक आईटी पार्क और 15 आवासीय परियोजनाएं भी तैयार कर रहा है। मोहता के अनुसार, कोलकाता और पुणे में मिलाकर हम लगभग 15 मिलियन वर्गफुट का विकास कार्य कर रहे हैं।

## हावड़ा वेलफेयर ट्रस्ट ने गंगासागर में सैकड़ो महिलाओं में बांटी साड़ियां

❑ **25 वर्षों से रोज सैकड़ों लोगों को पहुंचा रहा है शुद्ध शीतल पेयजल**

**हावड़ा :** अपनी स्थापना की रजत जयंती (25 वर्ष) मना रही शहर की स्वनामधन्य सामाजिक संस्था 'हावड़ा वेलफेयर ट्रस्ट ' ने अपने वस्त्र वितरण प्रकल्प के अन्तर्गत प्रसिद्ध तीर्थ गंगासागर में सैकड़ों जरूरतमंद महिलाओ में साड़ियों का वितरण किया। गंगासागर के सड़क न. 5 पर स्थित ट्रस्ट के ही सेवा भवन 'राधा कुंज' में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में ट्रस्ट के प्राण पुरुष वयोवृद्ध ट्रस्टी व सेवा प्रभारी श्री सत्यनारायण खेतान (मामा जी) ने कहा कि विशेष रूप से प्यासों तक शुद्ध शीतल पेयजल पहुंचाने के संकल्प के साथ संस्थापित हावड़ा वेलफेयर ट्रस्ट आज सेवा के हर क्षेत्र में अपनी उल्लेखनीय सेवा प्रदान कर रहा है लेकिन मुख्य ध्येय और उद्देश्य आज भी पेयजल सेवा का है और ट्रस्ट की 6 जलवाहिनियों द्वारा प्रतिदिन हावड़ा के विभिन्न इलाकों में सैकड़ों लोगों तक जल पहुंचाया जा रहा है । श्री खेतान ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा संस्थापित हावड़ा मे 30 से ज्यादा प्याऊ के जरिए भी रोज हजारों राहगीरों को शुद्ध शीतल पेयजल उपलब्ध हो रहा है। उक्त कार्यक्रम की सफलता में सर्वश्री राजेश सिंह, राम सिंह यादव, अशोक अग्रवाल, ट्रस्ट की महिला समिति की प्रमुख अनिता खेतान व ललिता सिंघल सहित अन्य लोगों का सक्रिय सहयोग रहा।



## बशीरहाट में टीएमसी कार्यकर्ता को गोली मारकर हत्या

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट थाना अंतर्गत घोना इलाके में सोमवार रात तृणमूल कांग्रेस के एक सक्रिय कार्यकर्ता की निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान अनार हुसैन गाजी (25) के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में पुलिस का मानना है कि इस हत्या के पीछे जमीन विवाद और पुरानी रंजिश मुख्य कारण हो सकते हैं। मामले में अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि बाकी आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे अनार हुसैन गाजी अपने घर से कुछ दूरी पर सड़क किनारे एक चाय की दुकान के बाहर बाइक पर बैठे थे। तभी कई बाइक सवार बदमाश वहां पहुंचे और उन्हें चारों ओर से घेर लिया। बेहद करीब से उन पर गोलियां चलाई गईं। इसके बाद मौत सुनिश्चित करने के लिए धारदार हथियारों से उन पर हमला किया गया। हमलावर वारदात के बाद बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। घायल टीएमसी कार्यकर्ता को बशीरहाट सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घटनास्थल और अस्पताल में सुरक्षा बढ़ाई।



## रायगंज में पत्नी की हत्या कर फरार हुआ बांग्लादेशी घुसपैठिया

**उत्तर दिनाजपुर :** जिले के रायगंज महकमे के विप्रडांगी गांव में एक बांग्लादेशी घुसपैठिये ने अपनी आठ महीने की गर्भवती पत्नी की हत्या कर दी और फरार हो गया। मृत महिला का नाम सरजेना खातून (21) है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सरजेना का पति सनफराज अली बांग्लादेशी घुसपैठिया है। वह सरजेना से शादी के बाद से ही उसके साथ गांव में रह रहा था। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सरजेना की मां अन्य राज्य में मजदूरी करती है। सोमवार सुबह बेटी का कोई सुराग न मिलने पर उसने पड़ोसियों को फोन पर घर जाकर देखने को कहा। दरवाजा बाहर से बंद था। जैसे ही गांव के लोग ताला तोड़कर अंदर घुसे, उन्होंने देखा कि सरजेना का शव फर्श पर लहूलुहान अवस्था में पड़ा था। उसे बांधा गया था और उसके सिर पर चोट के निशान थे। घटना के बाद सरजेना को अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपित सनफराज का भारतीय आधार कार्ड उस घर से बरामद हुआ। सवाल उठ रहा है कि अगर वह वाकई बांग्लादेशी नागरिक है तो उसके पास भारतीय दस्तावेज कैसे आए? वह इतने दिनों तक यहां कैसे रहा?

पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सरजेना की मुलाकात करीब डेढ़ साल पहले सनफराज से हुई थी। सनफराज के एक रिश्तेदार का घर रायगंज के सोरियाबाद में है। वहीं से शादी का प्रस्ताव आया था। शादी के बाद से ही वे विप्रडांगी के घर में रह रहे थे। लड़की के परिवार ने आरोप लगाया कि सनफराज अक्सर शराब के नशे में अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता था। वह पैसे के लिए दबाव बनाता था। कई बार मारपीट की भी घटना हुई थी। बहीन ग्राम पंचायत के एक सदस्य ने कहा कि अगर युवक बांग्लादेशी था, तो उसका नाम मतदाता सूची में नहीं होना चाहिए लेकिन आधार कार्ड की वजह से शक और मजबूत हो गया है। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि आरोपित उग्रवादी गतिविधियों में शामिल हो सकता है। रायगंज थाने के आईसी विश्वश्रय सरकार ने कहा कि एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर कर पूछताछ शुरू कर दी गई है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। फरार पति की तलाश की जा रही है। मृत युवती के एक रिश्तेदार ने बताया कि सनफराज बांग्लादेश से आया था। वह यहां दिहाड़ी मजदूर के तौर पर काम करता था।

## बंगाल में आज और कल अधिक बारिश की संभावना

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल के अधिकतर हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है जबकि कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आइएमडी ने बताया कि राज्य के दक्षिणी हिस्सों में 18 जून को भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है जबकि उत्तरी जिलों में 18 और 19 जून को भारी वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण 24 परगना, पश्चिम मेदिनीपुर, बांकुड़ा, पूर्व बर्धवान और पश्चिम बर्धवान जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की आशंका है। राज्य में पिछले 24 घंटे में सुबह साढ़े आठ बजे तक सबसे अधिक 59.2 मिमी बारिश हावड़ा जिले के उलुबेरिया में दर्ज की गई। कोलकाता में 18 और 19 जून को भारी बारिश होने की संभावना है। यहां अब तक 19.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अन्य स्थानों में बांकुड़ा में 48.8 मिमी, दीघा में 44.9 मिमी, डायमंड हार्बर में 41 मिमी, बर्धवान में 42.7 मिमी और आसनसोल में 40 मिमी बारिश दर्ज की गई।



## 15 करोड़ की ठगी का मामला: मुख्य आरोपी तारकनाथ भट्टाचार्य और उसकी दो महिला मित्र गिरफ्तार

**कोलकाता :** बारुईपुर थाना क्षेत्र में 15 करोड़ रुपये की मेडिकल सप्लाई से जुड़ी ठगी के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी तारकनाथ भट्टाचार्य समेत उसकी दो महिला सहयोगी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 22 फरवरी 2025 को सस्ता सुंदर नामक एक कंपनी की ओर से बारुईपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के अनुसार, कंपनी ने तीसरी पार्टी एजेंसी एसबी सिक्योरिटी एंड सर्विसेज के माध्यम से मेडिकल सप्लाई का कार्य किया था। यह एजेंसी सस्ता सुंदर के लिए घर-घर दवाएं पहुंचाने का कार्य करती थी। नियम के अनुसार, दवा बिक्री से मिली रकम सस्ता सुंदर के खाते में जमा होनी चाहिए थी, लेकिन पिछले दो वर्षों से ऐसा नहीं हो रहा था।

अनुमान के मुताबिक, एजेंसी द्वारा करीब 15 करोड़ रुपये की दवाएं बेची गई थीं, जिसकी रकम कंपनी को नहीं मिली। जांच में सबसे पहले मुख्य आरोपी तारकनाथ भट्टाचार्य को गिरफ्तार किया गया।

तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से 3 चार पहिया वाहन (प्रत्येक की कीमत लगभग 25 लाख रुपये), 4 फ्लैट, 12 मोटरसाइकिल (कुल कीमत लगभग 8 लाख 63 हजार रुपये), 85 लाख रुपये की लीज पर ली गई एक दुकान, 24 लाख 25 हजार रुपये की जमीन, 16 लाख 50 हजार रुपये नकद, 51 लाख रुपये की दवाइयां और 30 लाख 93 हजार रुपये बैंक खाते में फ्रीज़ किए गए हैं।



तारकनाथ की पूछताछ के बाद 14 जून को पंपा मिस्त्री नामक महिला को गिरफ्तार किया गया, जो कंपनी की अकाउंटेंट थी। पूछताछ में खुलासा हुआ कि ठगी के पैसों से सोने के आभूषण खरीदे गए थे। पुलिस ने 1 करोड़ 79 लाख रुपये के सोने के गहने जब्त किए हैं।

अब तक इस मामले में कुल 4.5 करोड़ रुपये की संपत्ति और सामान जब्त किया जा चुका है।

मुख्य आरोपी तारकनाथ भट्टाचार्य के अलावा उसकी दो महिला मित्रों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से एक शतूपा सरकार को कोलकाता के गोल्फग्रीन इलाके से पकड़ा गया, जो एक बार सिंगर थी। दूसरी महिला, पंपा मिस्त्री को निमता से गिरफ्तार किया गया, जो कंपनी की लेखाकार थी। पुलिस अब भी शेष रकम और संलिप्त अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।

**न्यूज अपडेट**

### 40 लाख की ऑनलाइन ठगी के मामले में पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा निवासी एक व्यक्ति के साथ 40 लाख की ऑनलाइन ठगी के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित ने 26 मई, 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी कि उसे तीन बार में एचडीएफसी बैंक के खातों से पैसे निवेश के नाम पर भेजने को कहा गया था। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी पहले व्हाट्सएप पर पीड़ित से संपर्क करते थे और निवेश पर मोटे मुनाफे का झांसा देते थे। जब व्यक्ति ने पैसे भेज दिए, तो उसे कहा गया कि पिछले निवेश की राशि निकालने के लिए और रकम जमा करनी होगी। इस तरह कुल 40 लाख की ठगी की गई। दक्षिण 24 परगना के समीर सरदार (52) को 5 लाख की रकम का लाभार्थी होने के कारण पकड़ा गया। वहीं, कोलकाता के साजिद अली (35) को फर्जी बैंक खातों की व्यवस्था करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गाड़ी चलाते समय आया दिल का दौरा! स्टीयरिंग पर ही चालक की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के न्यू टाउन में सोमवार शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जब एक 53 वर्षीय व्यक्ति की गाड़ी चलाते समय हार्ट अटैक से मौत हो गई। मृतक की पहचान पृथ्वजीत दत्ता के रूप में हुई है, जो न्यू बैरकपुर के निवासी थे। यह घटना न्यू टाउन के एक्शन एरिया-3 में टैंक नंबर 20 के पास शाम करीब 6 बजे घटी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पृथ्वजीत दत्ता खुद अपनी कार चला रहे थे, तभी अचानक गाड़ी बेकाबू हो गई और सड़क के डिवाइडरों से टकराने लगी। कुछ देर बाद कार अचानक रुक गई और चालक को स्टीयरिंग पर झुका हुआ पाया गया। स्थानीय लोग तुरंत दौड़े और उन्हें कार से बाहर निकालकर न्यू टाउन थाने के पास एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने पुलिस को बताया कि पृथ्वजीत दत्ता की मृत्यु अचानक दिल का दौरा पड़ने से हुई।

### एमवे इंडिया ने न्यूट्रीलाइट ट्रिपल प्रोटेक्ट किया लॉन्च, इम्युनिटी पोर्टफोलियो में किया विस्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** एमवे इंडिया ने अपने पोषण उत्पादों की श्रृंखला में नया उत्पाद न्यूट्रीलाइट ट्रिपल प्रोटेक्ट लॉन्च किया है। यह प्लांट प्रोटीन आधारित सप्लीमेंट एसरोला चेरी, हल्दी और मुलेठी जैसे तीन शक्तिशाली प्राकृतिक अवयवों से तैयार किया गया है, जो प्रतिरक्षा प्रणाली, आंत और त्वचा के स्वास्थ्य को मजबूत करने में मदद करता है। वैज्ञानिक रूप से तैयार इस ट्रिपल-एक्शन फॉर्मूलेशन में एंटीऑक्सीडेंट गुण हैं जो सूजन को कम करने और संपूर्ण स्वास्थ्य में सुधार लाने का कार्य करते हैं। एमवे इंडिया के प्रबंध निदेशक रजनीश चोपड़ा ने कहा कि खराब पोषण से जूझ रहे लोगों के लिए यह उत्पाद एक प्रभावी समाधान है। वहीं, कंपनी की चीफ मार्केटिंग ऑफिसर अमृता असरानी ने इसे समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाला उत्पाद बताया। यह उत्पाद अब देशभर में एमवे डिस्ट्रीब्यूटर्स के माध्यम से उपलब्ध है।

### मेडिसिन डिलीवरी कंपनी से 15 करोड़ की ठगी, बारुईपुर में तीन गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेडिसिन डिलीवरी ऐप कंपनी से जुड़ी करोड़ों की धोखाधड़ी के मामले में बारुईपुर पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि सिक्योरिटी सर्विस नामक कंपनी ने 'सस्ता सुंदर' नाम की दवा ऐप कंपनी से लगभग 15 करोड़ रुपये वसूले और उसे न भेजकर निजी संपत्ति में निवेश कर दिया। इस मामले में कंपनी के मालिक तारकनाथ भट्टाचार्य को गिरफ्तार करने के बाद शतरूपा सरकार और पंपा मिस्त्री को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के सोने के गहने, कई लग्जरी कारें और कई फ्लैटों का पता लगाया है। इसके अलावा, विभिन्न स्थानों पर छापेमारी में करीब 4.5 करोड़ रुपये की नकदी भी बरामद की गई है। बारुईपुर के एसपी पलाशचंद्र ढाली ने बताया कि आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है और बाकी रकम की तलाश जारी है।

## अब राशन कार्ड दिखाकर मिलेगा दिघा के जगन्नाथ मंदिर का प्रसाद, नहीं लगेगा बायोमेट्रिक

**कोलकाता :** दिघा के जगन्नाथ मंदिर के प्रसाद वितरण को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार ने भक्तों के लिए एक बड़ी घोषणा की है। राज्य के खाद्य मंत्री रथीन घोष ने बताया है कि अब दक्षिण बंगाल में श्रद्धालु राशन कार्ड दिखाकर ही जगन्नाथ जी का प्रसाद प्राप्त कर सकेंगे। इस प्रक्रिया के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी।

खाद्य मंत्री ने स्पष्ट किया कि आमतौर पर रेशन दुकानों से सामान प्राप्त करने के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य होता है, लेकिन इस बार सरकार ने यह विशेष निर्णय लिया है कि जगन्नाथदेव के प्रसाद के लिए केवल रेशन कार्ड और हस्ताक्षर ही पर्याप्त होंगे। इसका मुख्य कारण यह है कि बायोमेट्रिक प्रक्रिया के चलते प्रसाद वितरण में व्यवधान या देरी हो सकती थी, जिसे पहले से भांप कर ही यह फैसला लिया गया।

राज्य सरकार की ओर से यह भी जानकारी दी गई है कि 20 जून से दक्षिण बंगाल के विभिन्न रेशन दुकानों के माध्यम से इस प्रसाद का वितरण शुरू होगा। श्रद्धालुओं को सिर्फ अपना रेशन कार्ड साथ लाना होगा और नाम के आगे हस्ताक्षर कर प्रसाद प्राप्त करना होगा।

यह निर्णय भक्तों और आम जनता के लिए एक सरल और सम्मानजनक व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। जगन्नाथ पूजा को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने इसे एक जन-सेवा और आस्था का संगम बनाने का प्रयास किया है।

## बीमार बहन के इलाज की जिम्मेदारी लेने के लिए हाई कोर्ट पहुंची महिला

❑ **सिजोफ्रेनिया से पीड़ित है वादी की बहन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक महिला ने अपनी मानसिक रूप से बीमार बहन की कानूनी संरक्षकता की मांग करते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मामले की सुनवाई में न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने आदेश दिया कि वादी की बीमार बहन की मेडिकल रिपोर्ट उत्तर 24 परगना जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा फिर से अदालत में पेश की जाए। महिला के मानसिक बीमारी प्रमाण पत्र का पुनर्मूल्यांकन करने का भी समय आ गया है। न्यायाधीश ने कहा कि अगली सुनवाई में प्रमाण पत्र और मेडिकल रिपोर्ट पर विचार करने के बाद संरक्षकता का फैसला लिया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई छह अगस्त को है। अदालत के अनुसार, वादी की बहन सिजोफ्रेनिया से पीड़ित है और बारासात सरकारी अस्पताल ने 2023 में एक प्रमाण पत्र जारी किया था जिसमें कहा गया था कि मरीज 85 प्रतिशत मानसिक रूप से मंद है। वादी के वकील महेंद्रनाथ सरकार ने अदालत को बताया कि बीमार महिला का कोई अन्य पारिवारिक सदस्य जीवित नहीं है। उनकी मुवक्किल अपनी बहन की देखभाल की कानूनी जिम्मेदारी लेने को तैयार है। वकील ने आरोप लगाया कि केंद्रीय विकलांग कल्याण विभाग और जिला मजिस्ट्रेट से कानूनी संरक्षकता के लिए आवेदन किया गया था, लेकिन इसे खारिज कर दिया गया। राज्य के वकील ने कहा कि उत्तर 24 परगना के जिला मजिस्ट्रेट और स्थानीय स्तर की समिति ने याचिकाकर्ता की याचिका पर विचार करते हुए इसे विकलांगता कल्याण अधिनियम, 1999 के तहत खारिज कर दिया। राज्य ने अदालत को एक विशेषज्ञ की रिपोर्ट भी सौंपी। सूत्रों का दावा है कि उस रिपोर्ट में विशेषज्ञ ने कहा कि बीमारी का इलाज संभव है और रोगी को स्वस्थ जीवन में वापस लाया जा सकता है। हालांकि, वादी के वकील का दावा है कि मानसिक रूप से बीमार महिला की उम्र पचास साल से अधिक है और इस उम्र में 85 प्रतिशत मानसिक विकलांगता से पूरी तरह स्वस्थ जीवन में वापस आना संभव नहीं है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद, न्यायमूर्ति सिन्हा ने कहा कि इस बात के पर्याप्त कारण नहीं दिए गए थे कि महिला को मानसिक रूप से विकलांग क्यों नहीं माना जाना चाहिए।

## न्यूज इन ब्रीफ

### कांस्टेबल ने एके-47 से खुद को मारी गोली, हालत स्थिर

**भभुआ (बिहार) :** कैमूर जिले में बिहार पुलिस के एक कांस्टेबल ने अपनी एके-47 राइफल से कथित तौर पर खुद को गोली मार ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हालांकि, इस घटना में कांस्टेबल की जान बच गई और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि घायल कांस्टेबल की पहचान अमलेश कुमार (26) के रूप में हुई है, जो जिला पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) में कार्यरत है और यह घटना सोमवार रात आठ बजे उस समय हुई, जब वह ड्यूटी पर तैनात था। कैमूर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरिमोहन शुक्ला ने पत्रकारों को बताया, ''सूचना मिली थी कि अमलेश ने ड्यूटी के दौरान अपनी एके-47 राइफल से खुद को गोली मार ली।'' अधिकारी ने बताया, ''उसे तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाया गया और वहां से बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर कर दिया गया। घटना का असल कारण अभी पता नहीं है और मामले की जांच की जा रही है।'' एसपी ने बताया कि पुलिस ने उसकी एके-47 राइफल और मोबाइल फोन को जब्त कर लिया है और कांस्टेबल की हालत स्थिर बताई जा रही है।

### झारखंड के पलामू में आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत

**मेदिनीनगर (झारखंड) :** झारखंड के पलामू जिले में मंगलवार को आकाशीय बिजली गिरने की अलग-अलग घटनाओं में एक महिला और उसकी बेटी समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पहली घटना चैनपुर थाना क्षेत्र के चांदो गांव में 60 वर्षीय सरस्तिया देवी अपनी बेटी रूपा कुमारी (21) के साथ घर के बरामदे में बैठी थीं तभी उन पर आकाशीय बिजली गिर गई। चैनपुर थाना के प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि इस घटना में दोनों की मौत हो गई और उनके शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शर्मा ने बताया, ''सरस्तिया के पति गुडन सिंह भी घायल हो गए जो कि घटना के वक्त घर के अंदर थे। उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।'' दूसरी घटना रेहला थाना क्षेत्र में हुई जहां बिजली गिरने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि उसकी पहचान की जा रही है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 20 जून को गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे

**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 20 जून को गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे। मंगलवार को यहां जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे केवल रफ्तार के साथ आवागमन सुगमता का ही माध्यम नहीं बनेगा, बल्कि इस एक्सप्रेसवे पर सड़क व यात्री सुरक्षा के भी बेहतर इंतजाम रहेंगे। यात्री सुरक्षा के लिहाज से गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लोकार्पण के दिन 20 जून को मुख्यमंत्री सुरक्षा फ्लीट को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। जबकि आने वाले दिनों में सड़क सुरक्षा के लिए यहां लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे की तर्ज पर एटीएमएस (एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) भी लागू किया जाएगा। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा बनवाए गए गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर यात्री सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री जिस सुरक्षा फ्लीट की शुरुआत करेंगे, उसमें पांच इन-ोवा, पांच कैम्पर, चार एम्बुलेंस, दो क्रेन और एक हाइड्रा वाहन शामिल हैं। यूपीडा के नोडल सुरक्षा अधिकारी राजेश पांडेय ने बताया कि यूपीडा के इनोवा वाहन की पैट्रोलिंग आठ-आठ घंटे की पाली में लगातार होती रहेगी। हर वाहन में चार सेवानिवृत्त सैनिकों की ड्यूटी रहेगी। कैम्पर वाहन पीछे से खुले रहते हैं और इसमें ट्रैफिक कोन, रस्सी, रेडियम स्ट्रिप आदि की उपलब्धता रहती है। किसी स्थान पर किसी वाहन के खराब होने पर या दुर्घटना होने पर ये वाहन तुरंत जाकर ट्रैफिक कोन, रस्सी और रेडियम स्ट्रिप से कवर कर देंगे ताकि अन्य वाहनों को कोई दिक्कत न हो। इसके अलावा 91 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे पर हर 45 किलोमीटर (किमी) पर मार्ग के दोनों तरफ एक-एक एम्बुलेंस की तैनाती रहेगी ताकि आकस्मिक चिकित्सकीय जरुरत यात्रियों को तत्परता से अस्पताल भेजा जा सके। किसी वाहन में अचानक खराबी आने पर उसे सड़क से हटाने के लिए हर 45 किमी पर क्रेन और पूरे एक्सप्रेसवे के लिए एक हाइड्रा वाहन को तैनात किया जाएगा।

### योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में रेलवे के बीमार कर्मचारी से मुलाकात की



**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को रेलवे के एक कैंसरग्रस्त कर्मचारी के घर जाकर उसके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रेलवे सेवा में शामिल होने से पहले भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) गोरखपुर महानगर इकाई के अध्यक्ष रह चुके अजय कुमार सिंह बाद में रेलवे सेवा में चले गए। अब वह कैंसर के इलाज के बाद ठीक हो रहे हैं। अजय सिंह ने सोशल मीडिया पर योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया। गोरक्षपीठ के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा के लिए जाने जाने वाले अजय सिंह ने इलाज के दौरान भावनात्मक समर्थन के लिए योगी आदित्यनाथ के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। दौरे के समय योगी आदित्यनाथ ने सिंह और उनके परिवार के सदस्यों के साथ गर्मजोशी से बातचीत की। योगी के साथ राज्य के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और एमएलसी धर्मेंद्र सिंह और विधायक विपिन सिंह भी थे। इसके पहले भी जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव ने अजय सिंह के आवास पर पहुंचकर उनकी कुशलक्षेम पूछी थी। अजय सिंह जिस समय भाजयुमो की गोरखपुर इकाई के अध्यक्ष थे, तब पार्टी के इस युवा संगठन का प्रदेश नेतृत्व स्वतंत्र देव सिंह के पास था।

## हेमा मालिनी के आश्वासन के बाद बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर पर विरोध प्रदर्शन स्थगित

**मथुरा :** वृन्दावन में प्रस्तावित बांकेबिहारी मंदिर कॉरिडोर और सरकार द्वारा मंदिर के प्रबंधन के लिए ट्रस्ट (न्यास) बनाने की सरकार की योजना के खिलाफ पिछले तीन सप्ताह से विरोध प्रदर्शन कर रही सेवायत गोस्वामी समाज की महिलाओं ने मंगलवार को अपना आंदोलन फिलहाल स्थगित कर दिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मथुरा से सांसद हेमा मालिनी ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी चिंताओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया जाएगा। इसके बाद आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया गया। मंदिर सेवायतों और स्थानीय



व्यापारियों के परिवारों से जुड़ी महिलाओं ने वृंदावन में हेमा मालिनी से उनके आवास पर मुलाकात की और बैठक में अपने विरोध के कारणों के बारे में विस्तार से बताया और परियोजना के बारे में अपनी आशंकाओं के निवारण का अनुरोध किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि अगर उन लोगों को वर्तमान स्थान से उजाड़ कर अन्यत्र बसाया जाता है तो वे लोग ठाकुरजी की सेवापूजा पहले के समान सुगमता से नहीं कर पाएंगे और इससे मंदिर व कुंज की गलियों की परम्पराएं तथा प्राचीन संस्कृति भी प्रभावित होगी। महिलाओं ने इस संबंध में ज्ञापन सौंप कर उनकी बात मुख्यमंत्री तक पहुंचाने की विनती की। उन्होंने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि अगर उनके (मुख्यमंत्री के) समक्ष हमारी बात सहानुभूतिपूर्वक रखी जाएगी तो वे भी हमारी भावनाओं को समझेंगे और जरूर कोई बीच का रास्ता निकाल लेंगे।

## भूमि सर्वेक्षण में नवीनतम प्रौद्योगिकी का अध्ययन करने के लिए अन्य राज्यों में टीम भेजी गईं : झारखंड सरकार

**रांची :** झारखंड सरकार ने मंगलवार को उच्च न्यायालय को अवगत कराया कि उसने भूमि सर्वेक्षण में इस्तेमाल की जा रही नवीनतम प्रौद्योगिकी का अध्ययन करने के लिए भू एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की तीन टीम को बिहार, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक भेजा है। उच्च न्यायालय को यह भी बताया गया कि आंध्र प्रदेश भेजी गई टीम ने भूमि सर्वेक्षण के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी के बारे में जानने के वास्ते एक सम्मेलन में भाग लिया है। राज्य में भूमि सर्वेक्षण में देरी को लेकर गोकुल चंद नामक व्यक्ति द्वारा दायर की गई याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने यह जानकारी सामने रखी। सरकार ने कहा कि उसके द्वारा भेजी गईं टीम इन तीन राज्यों से भूमि सर्वेक्षण की मूल अवधारणाओं को सीखेंगी और झारखंड में उन्हें लागू करेंगी, ताकि भूमि सर्वेक्षण की प्रक्रिया को तेज किया जा सके। मुख्य न्यायाधीश एम एस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली पीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह सुनिश्चित करे कि राज्य में भूमि सर्वेक्षण का काम तेजी से पूरा हो। अदालत ने कहा कि अन्य राज्यों से सीखी गई प्रौद्योगिकी को झारखंड में भी जल्द से जल्द लागू किया जाना चाहिए।

## बिहार को मिलेंगे छह नए हवाई अड्डे, कैबिनेट ने दी मंजूरी

**पटना :** बिहार के छह और शहरों में हवाई अड्डे बनाने के खातिर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए राज्य कैबिनेट ने मंगलवार को अपनी मंजूरी दे दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र की क्षेत्रीय संपर्क योजना 'उड़ान' (उड़े देश का आम नागरिक) के तहत मधुबनी, सुपौल में बीरपुर, मुंगेर, बेतिया में वाल्मीकि नगर, मुजफ्फरपुर और सहरसा में नए हवाई अड्डे विकसित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता वाली कैबिनेट ने हवाई अड्डों के विकास के लिए राज्य के विमानन निदेशालय और एएआई के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी। अतिरिक्त मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने संवाददाताओं को बताया, ''कुल 150 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं जिसमें से प्रत्येक हवाई अड्डे के विकास के लिए 25 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।'' राज्य में विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले यह फैसला लिया गया। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने पटना में आयकर गोलंबर के पास एक पांच सितारा होटल के निर्माण के लिए 'कुमार इंफ्राट्रेड एंटरप्राइजेज लिमिटेड' को ठेका देने के लिए भी मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा, ''होटल को सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत विकसित किया जाएगा और जमीन 90 साल की लीज पर दी जाएगी। पटना में बांकीपुर बस स्टैंड तथा आर गोलंबर के पास दो और पांच सितारा होटलों के निर्माण के लिए बोली प्रक्रिया को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है।'' सिद्धार्थ ने बताया कि कैबिनेट ने चने के लिए 5,650 रुपये, सरसों के लिए 5,950 रुपये और मसूर के लिए 6,700 रुपये न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) भी तय किया है। यह भी निर्णय लिया गया कि विशेष सहायक पुलिस (एसएपी) में भर्ती 1,717 सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों का अनुबंध 2025-26 तक बढ़ाया जाएगा।

## उत्तर प्रदेश में योग अभ्यास के लिए हर जिले में बनेंगे 'योग पार्क'

**लखनऊ :** योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने और सामूहिक योगाभ्यास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार ने पूरे प्रदेश में 'योग पार्क' स्थापित करने की योजना बनाई है। सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई। इस योजना के तहत स्थानीय निकायों जैसे नगर पालिकाओं और ग्राम पंचायतों की भागीदारी से प्रदेशभर में योगाभ्यास के लिए योगा पार्क विकसित किए जाएंगे। एक बयान के मुताबिक इस



योजना के अंतर्गत मण्डलीय मुख्यालय वाले जिलों में तीन-तीन और अन्य जिलों में दो-दो योग पार्क चिह्नित कर उन्हें विशेष रूप से योग-अनुकूल स्थानों में परिवर्तित किया जाएगा। बयान में कहा गया कि जिलाधिकारियों को इस आशय के निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि वे अपने-अपने जिलों में उपयुक्त स्थलों की पहचान कर आवश्यक प्रस्ताव नगर विकास विभाग के समन्वय से आगे बढ़ाएं।

## न्यूज अपडेट

### विवाहेतर संबंध के शक में व्यक्ति ने अपनी पत्नी को पीटा, गुप्तांगों में मिर्च पाउडर डाला

**मुजफ्फरपुर (बिहार) :** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में विवाहेतर संबंध के शक में अपनी पत्नी पर बेरहमी से हमला करने उसे गर्म लोहे की छड़ से पीटने और उसके गुप्तांगों में मिर्च पाउडर डालने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। देवरिया कोठी क्षेत्र निवासी पीड़िता ने पुलिस के सामने दिए गए अपने बयान में आरोप लगाया कि उसके पति ने उसे दो दिनों तक एक कमरे में बंद किया, जिस बीच उसे खाना और पानी नहीं दिया और उसके साथ मारपीट की तथा उसे करंट लगाने की भी कोशिश की। पुलिस ने उसके पति शत्रुघ्न राय को गिरफ्तार कर लिया है और फरार हुए महिला के ससुरालियों की तलाश शुरू कर दी है। देवरिया थाने के प्रभारी राम विनय कुमार ने पत्रकारों को बताया, ''पीड़िता के बयान के आधार पर उसके पति और ससुरालियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। उसके पति शत्रुघ्न राय को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसके ससुराली फरार हैं। पीड़िता का पास के सरकारी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।''

### शादी के एक महीने बाद ही पत्नी ने पति की जहर देकर हत्या की

**गढ़वा :** झारखंड के गढ़वा जिले में पुलिस ने 20 वर्षीय एक महिला को शादी के करीब एक महीने बाद अपने पति को जहर देकर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि महिला को उसकी सास की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया और अदालत में पेश किया गया जहां से मंगलवार को उसे जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि यह घटना रविवार शाम को रंका पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बहोकुदर गांव में घटी। अधिकारी ने बताया कि मृतक बुधनाथ सिंह की शादी 11 मई को सुनीता से हुई थी। रंका के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) रोहित रंजन सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''सुनीता सिंह ने रविवार शाम को अपने पति के खाने में कथित तौर पर जहरीला पदार्थ मिला दिया और उसी दिन उनकी मौत हो गई। जहर का पता लगाने के लिए मृतक के बिसरा को सुरक्षित रखा गया है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि जहर किस तरह का था।''

### जमशेदपुर के पास चलती ट्रेन पर चढ़ने की कोशिश में व्यक्ति की गिरकर मौत

**जमशेदपुर :** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में मंगलवार को एक स्टेशन में चलती ट्रेन पर चढ़ने की कोशिश करते समय 48 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। यहां एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। लोकल ट्रेन में किसी तरह से चढ़ने में सफल रहा उसका दोस्त भी उसे गिरते हुए देखकर ट्रेन से कूद गया और घायल हो गया। रेलवे सुरक्षा बल के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर डिवीजन के हल्दीपोखर स्टेशन पर हुई। मृतक की पहचान जमशेदपुर निवासी बसंत विश्वकर्मा के रूप में हुई है। विश्वकर्मा और उसके मित्र संजय शर्मा स्टेशन गए और पाया कि टाटा-बादामपहाड़ मेमू ट्रेन प्लेटफॉर्म से रवाना हो रही थी। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने ट्रेन पर चढ़ने की कोशिश की लेकिन बसंत फिसलकर गिर गया और उसकी मौत हो गई।

### मऊ: अदालत में तैनात एक लिपिक का शव फंदे से लटका पाया गया

**मऊ :** जिले की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत में तैनात एक लिपिक का शव मंगलवार सुबह एक मकान के कमरे में फंदे से लटका पाया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी और कहा कि यह मकान एक गिरजाघर के परिसर में स्थित है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी। मृतक की पहचान आजमगढ़ जिले के तरवां थाना क्षेत्र के खरिहानी गांव निवासी शेर बहादुर चौहान (27 वर्ष) के रूप में हुई है। वह मऊ में अपने साथी के साथ किराए पर रह रहा था। पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) अंजनी कुमार पांडे ने बताया कि शुरुआती जांच में यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। उसी मकान में शेर बहादुर के साथ रहने वाले उसके एक साथी ने बताया कि वह पिछले कुछ समय से बेचैनी, तनाव और अनिद्रा जैसी मानसिक परेशानियों से गुजर रहा था। उसने बताया कि हाल ही में उसकी शादी तय हुई थी, लेकिन इसके बावजूद वह तनाव में रहता था।



## आलसी अजगर

हेमंत कुमार यादव

छोटू अजगर बहुत आलसी था। उसका काम था खाना और दिन भर चादर तान कर सोना।

उसकी मां किसी काम के लिए उसे उठाती, तब भी वह नहीं उठता। जब उसकी मरजी होती, तब सो कर उठता।

खाने और दिनभर सोने के कारण वह मोटा भी होता जा रहा था।

छोटू का मोटापा देखकर उस की मां बहुत चिंतित रहती थी।

'बेटा, आलस के कारण तुम बहुत मोटे होते जा रहे हो,' मां को जब भी मौका मिलता, वह छोटू को समझाती, 'मोटा होना अच्छा नहीं होता। तुम रोज सुबह उठ जाओ और व्यायाम करो।'

छोटू मां की बात इस कान से सुनकर उस कान से निकाल देता था।

एक दिन मां ने छोटू को नींद से जबरदस्ती जगाया और कहा, 'तुम्हें अब नहीं सोना है। चलो, उठो, सैर करने जाओ।'

छोटू कुनमुनाता हुआ उठा और अंगड़ाई लेता हुआ सैर करने चल दिया।

अभी वह कुछ ही दूर गया होगा कि आलस ने उसे घेर लिया।

एक कार सड़क के किनारे खड़ी थी।

छोटू कार में घुसर गया और पिछली सीट पर जा कर लेट गया।

तभी कार का ड्राइवर कार स्टार्ट करके चल दिया। छोटू को कुछ भी पता नहीं चला। वह आराम से खर्राटे ले रहा था।

अचानक कार का टायर पंचर हो गया।

ड्राइवर कार से नीचे उतर कर डिक्की से दूसरा पहिया निकालने लगा। तब उसकी नजर पिछली सीट पर लेटे छोटू अजगर पर पड़ी।



अरे बाप रे.......सांप.......कार में सांप है।' कहकर वह लोगों को बुलाने लगा।

कुछ लोग जमा हो गए।

'अरे, यह तो बड़ा भारी अजगर है,' एक आदमी ने डरते हुए कहा, 'यह तो आदमी को निगल जाता है।'

'भैया, इस अजगर को मेरी कार से बाहर निकालने का कोई उपाय करो,' ड्राइवर लोगों से विनती करता हुआ बोला।

किंतु कोई भी आदमी अजगर को पकड़ने का साहस नहीं कर पा रहा था।

तभी उधर से एक सपेरा गुजर रहा था। उसे देखकर ड्राइवर ने रोकते हुए अजगर के बारे में बताया और उसे कार से बाहर निकालने के लिए कहा। 'अरे, यह तो बहुत मोटा अजगर है,' सपेरे ने कार के भीतर झांकते हुए कहा,'लेकिन चिंता की बात नहीं है। मैं इस अजगर को बस में कर लूंगा।

यह कहकर उसने छोटू अजगर को पूंछ की तरफ से पकड़ कर कार से बाहर खींच लिया।

इससे छोटू की नींद टूटी। वह कुछ समझ पाता, तब तक सपेरे ने उसे कसकर पकड़ लिया और अपने कब्जे में कर लिया।

छोटू ने अपने आप को छुड़ाने का खूब प्रयास किया मगर कामयाब नहीं हो सका। 'मैं इसे अपने पास रखूंगा,' सपेरे ने खुश हो कर कहा,'इसे लोगों को दिखाकर पैसे कमाऊंगा।'

यह सुनकर छोटू की आंखों में आंसू आ गए। मैं किस मुसीबत में फंस गया। अब मैं अपने घर कैसे जाऊंगा? यह सपेरा मुझे जाने कहां ले जाएगा।'

सपेरा छोटू को एक बडे.से थैले में डालकर चल दिया।

छोटू अजगर अपनी मां को याद करके रोने लगा पर अब रोने से क्या हो सकता था?

सपेरा छोटू को गली-गली घुमाता और लोगों को दिखाकर पैसे कमाता। वह छोटू के खाने-पीने का इंतजाम भी नहीं रखता था।

भूख और प्यास के मारे छोटू की हालत पतली होती जा रही थी। अपनी हालत पर वह रोता रहता था।

तभी एक दिन छोटू की किस्मत का सितारा चमका।

एक वन्यजीव संरक्षक की नजर अजगर पर पड़ गई। उसने पुलिस से शिकायत करके सपेरे के कब्जे से अजगर को छुड़ा लिया।

छोटू अजगर को वन में छोड़ दिया गया। छोटू ने राहत की सांस ली। वह किसी तरह अपने घर पहुंचा।

उसे देखते ही मां उससे लिपट गई और रोती हुई बोली,'कहां चला गया था, मेरे बच्चे? मैं तुझे ढूढ-ढूंढ कर कितना परेशान थी।'

'मां, मुझे माफ कर दो,'छोटू अपनी गलती के लिए माफी मांगता हुआ बोला,'अब मैं कभी आलस नहीं करूंगा। तुम्हारी हर बात मानूंगा। मैं समझ गया कि आलसी होना कितना खतरनाक है।

उस दिन के बाद छोटू ने आलस करना छोड़ दिया। (उर्वशी)

## गाय और दूधवाला

एक दूधवाले के पास एक गाय थी जिसका दूध निकाल कर वह बाजार में बेचकर अपना जीवन यापन करता था। इसके अलावा उसके पास कोई और पैसा कमाने का साधन नहीं था। एक दिन जब वह बाजार दूध बेचने गया था। उस दिन उसकी गाय उसके घर के सामने बने तालाब में गिर गई, तालाब से बाहर न निकल पाने के कारण तालाब में ही मर गई।

जब शाम को दूधवाला वापस आया तो देखा उसकी गाय मर चुकी थी। वह बहुत परेशान हो गया और सोचने लगा। अब आगे उसका जीवन कैसे चलेगा। उस रात उसको नीद नहीं आयी। अगली सुबह वह उसी तालाब के किनारे काफी देर से चिंतित बैठा हुआ था।

तभी उसके दिमाग में एक विचार आया कि ऐसे बैठने से कुछ नहीं होगा। हमें आगे बढ़ने का दूसरा तारीका ढूँढना पड़ेगा। हमारे पास और रास्ते हो सकते हैं। उसने उसी तालाब की मछलियों को पकड़ कर बाजार में बेचना शुरू कर दिया। इससे उसको दूध से भी ज्यादा पैसे मिलने लगे। धीरे-धीरे वह बहुत बड़ा आदमी बन गया।

**नैतिक सीख: जो भी होता है अच्छे के लिए होता हैं, एक रास्ता बंद होने पर हमें हाथ पे हाथ रख के नहीं बैठना चाहिए। हमें दूसरे रास्ते की तलाश जरूर करनी चाहिए।**

## अंधी नकल



नरेंद्र देवांगन

नंदनवन में मीकू नाम का एक बंदर रहता था। पेशे से वह दर्जी था और अपने काम में बड़ा माहिर था। चूंकि उसका काम अच्छा होता था इसलिए नंदनवन के सारे जानवर उसी से कपड़े सिलाते थे। धीरे-धीरे उसने काफी धन जोड़ लिया। कपड़े सीने के काम से वह ऊब गया था। उसने खेती करने का फैसला किया।

मीकू के पड़ोस में बमबम भालू रहता था। वह बड़ा परिश्रमी किसान था। जब उसे पता लगा कि मीकू खेती करना चाहता है तो वह उसके पास गया और पूछा, 'खेती के बारे में तुम जानते तो हो न?'

मीकू घमंड से बोला, 'खेती करने के लिए जितनी जानकारी की जरूरत होनी चाहिए उतनी मुझे है।'

फिर उसने बुरा सा मुंह बना कर बमबम भालू की तरफ देख कर बोला, 'मुझे तुम्हारी सलाह नहीं चाहिए। मैं सब काम कर लूंगा।'

बमबम भालू वापस लौट गया।

मीकू बंदर सोच रहा था, 'बमबम अच्छा किसान है। जैसे यह करेगा वैसे ही मैं भी करता जाऊंगा।'

कुछ दिनों बाद बमबम ने कपास की खेती की। मीकू ने भी खेत खरीदे और कपास के बीज बो दिए। जैसा बमबम भालू करता गया, वैसा ही मीकू भी करता गया।

एक दिन मीकू बंदर की बमबम भालू से मुलाकात हुई। मीकू घमंड से बोला, 'तुमने पूछा था कि मैं खेती के बारे में जानता तो हूं। देखो मेरी कपास भी तुम्हारी कपास से किसी तरह बुरी नहीं हुई है।'

फसलें तैयार थीं। एक शाम जब बमबम भालू के नौकर खेतों से लौटे तो उसने उनसे कहा, 'कल सुबह सीधे खेतों पर ही जाना और खेतों से कपास निकाल कर मंडी पहुंचा देना।'

अगले दिन मीकू दीवार से कान लगाए खड़ा था कि बमबम अपने नौकरों को क्या हुक्म देता है। नौकर आए ही नहीं। आज के काम के बारे में बमबम ने उन्हें शाम को ही समझा दिया था इसलिए उसके नौकर सीधे खेतों पर चले गए थे।

मीकू ने सोचा, 'आज शायद बमबम ने नौकरों को छुट्टी दे दी है।' अगले दिन उसने बमबम भालू को कहते सुना, 'कपास के सारे पौधे उखाड़ कर उन्हें खेतों के किनारे इकट्ठा कर दो।'

अनुभवहीन मीकू ने भी अपने नौकरों को यही आदेश दे दिया। शाम तक उसके नौकरों ने कपास सहित सभी पौधे उखाड़ कर खेतों के किनारे इकट्ठे कर दिए। सारी कपास नष्ट हो गई।

अगले दिन बमबम भालू मीकू के यहां आया। मीकू ने उससे पूछा, 'आज तुम्हारे नौकर क्या करने जा रहे हैं?'

बमबम भालू बोला, 'आज उनकी छुट्टी है। उन्होंने सारी कपास निकाल कर मंडी पहुंचा दी है और कल खेत भी साफ कर दिए।'

मीकू ने आश्चर्य से पूछा, 'यह कब हुआ?'

बमबम भालू बोला, 'परसों।' फिर उसने कहा, 'तुम अपनी फसल देखो, सारी चौपट हो गई है।'

मीकू बंदर को अपनी भूल मालूम हुई। वह बोला, 'सभी कामों के लिए अनुभव चाहिए। तुम्हारी अंधी नकल करने की बजाए मुझे तुमसे सलाह लेनी चाहिए थी।' (उर्वशी)

## परियों का वरदान

सूरजपुर गांव में सोनू रहता था। उसका दोस्त जग्गू बंदर था। वे दोनों लोगों के दुख-तकलीफ में बहुत काम आते थे।

एक बार सोनू स्कूल से घर की ओर लौट रहा था, तो रास्ते में जग्गू मिल गया। सोनू ने जंगल की सैर करने की इच्छा व्यक्त की। दोनों सैर पर निकल पड़े। थोड़ी देर में उन्हें भूख लगने लगी।

फलों की तलाश में वे जंगल में भटकने लगे। तभी उन्होंने देखा, दो सुंदर तितलियां एक बड़ी जहरीली मकड़ी के जाल में फंसी हुई मदद के लिए चिल्ला रही हैं।



सोनू ने जग्गू से कहा, 'हमें इन तितलियों को मकड़ी के चंगुल से आजाद करना चाहिए।' जग्गू ने हामी भरी और पेड़ से एक डंडी तोड़ लाया।

सोनू ने मकड़ी का जाल तोड़ कर मकड़ी को मार दिया। तितलियां आजाद होते ही परी के रूप में बदल गईं।

सोनू और जग्गू उन्हें देख कर हैरान हो गए। परियों ने उन्हें धन्यवाद कहा और उनसे वरदान मांगने के लिए कहा।

सोनू ने कहा, 'हमें जोरों की भूख लगी है।' परियों ने छड़ी घुमा कर ढेरों फल उनके सामने रख दिए।

जग्गू ने कहा, 'हमें तारों भरी रात में हवा में उड़ते हुए संगीत सुनना है।'

एक परी ने छड़ी घुमा कर जादुई कालीन बिछा दिया। दूसरी परी बाजा बजाने लगी। तभी कालीन उन्हें ले कर आकाश में उड़ गया। सोनू और जग्गू नाचने लगे। (उर्वशी)

## न्यूज इन ब्रीफ

### रॉबर्ट वाड्रा फिर ईडी के सामने नहीं हुए पेश

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ब्रिटेन निवासी हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में दूसरी बार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष अपनी तय गवाही के लिए पेश नहीं हुए। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वाड्रा के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल अपनी बेटी के स्नातक समारोह में शामिल होने के लिए अदालत की ''पूर्व'' अनुमति से विदेश यात्रा पर हैं। उन्हें 10 जून को पेश नहीं होने के बाद मंगलवार (17 जून) को पेश होने के लिए कहा गया था। संघीय जांच एजेंसी उनके जवाब पर गौर करने के बाद उन्हें नयी तारीख दे सकती है।

### नाबालिग की शादी को अमान्य घोषित करने की मांग वाली याचिका पर अदालत 18 जून को करेगी सुनवाई

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय 18 जून को एक नाबालिग की उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें उसने अपनी शादी को रद्द करने तथा बाल विवाह का विरोध करने पर अपनी जिंदगी को होने वाले खतरे को लेकर सुरक्षा की मांग की है। न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ नाबालिग की याचिका पर सुनवाई करेगी। इस याचिका में लड़की ने अपने पति पर विवाह के लिए दबाव डालने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ भी निर्देश देने की मांग की है। उसकी याचिका में आरोप लगाया गया कि उसकी इच्छा के विरुद्ध नौ दिसंबर 2024 को उसकी शादी कर दी गई, जब वह साढ़े सोलह वर्ष की थी। उसने दावा किया कि वह आगे पढ़ना चाहती थी लेकिन उसके ससुर ने उसे कैद में रखा हुआ था जबकि उन्होंने उसे उसके माता-पिता के पास लौटने की इजाजत देने का वादा किया था। याचिका में कहा गया है कि वर्तमान रिट याचिका...एक सोलह वर्षीय नाबालिग याचिकाकर्ता द्वारा अपने मित्र के माध्यम से दायर की गई है। इसके मुताबिक, इस लड़की की इच्छा अपनी शिक्षा जारी रखने की थी,लेकिन जबरदस्ती इसका बाल विवाह करा दिया गया और इस विवाह को बनाए रखने का विरोध करने की वजह से उसकी जान को खतरा है।

### सोनिया गांधी पर इलाज का अच्छा असर हो रहा है, खानपान पर रखी जा रही नजर: अस्पताल

**नयी दिल्ली :** पेट संबंधी समस्या के कारण अस्पताल में भर्ती कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को उपचार का लाभ हो रहा है, लेकिन उन्हें छुट्टी मिलने की तारीख अभी तय नहीं हुई है। अस्पताल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी (78) को रविवार शाम को सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के चेयरमैन अजय स्वरूप ने एक बयान में कहा, ''उनकी हालत स्थिर है और उन पर उपचार का अच्छा असर हो रहा है। वह पेट के संक्रमण से उबर रही हैं। उनके खान-पान पर कड़ी नजर रखी जा रही है और वह निगरानी में हैं। एहतियात के तौर पर, उनकी छुट्टी की तारीख अभी तय नहीं की गई है।'' उन्होंने बताया, ''हमारे डॉक्टर एस नंदी और डॉ अमिताभ यादव की टीम उनकी सेहत और खानपान पर बारीकी से नजर रख रही है।''

### ईडी ने मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े धन शोधन मामले में 6 राज्यों में छापेमारी की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को एक मादक पदार्थ तस्करी गिरोह से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत छह राज्यों में एक साथ छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस गिरोह का पता सबसे पहले पंजाब पुलिस ने लगाया था। सूत्रों ने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज मामले के तहत पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र में 15 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की गई। ईडी का मामला पंजाब पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) द्वारा 2024 में दो मादक पदार्थ तस्करों और एक कथित बिचौलिए एलेक्स पालीवाल के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज की गई प्राथमिकी पर आधारित है।

# भारत भाषाओं के आधार पर विभाजन बर्दाश्त नहीं कर सकता: उपराष्ट्रपति धनखड़



**पुडुचेरी :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि भारत दुनिया का एक महत्वाकांक्षी राष्ट्र है और वह भाषा के मुद्दे पर विभाजन बर्दाश्त नहीं कर सकता। उन्होंने लोगों से देश के भविष्य की भलाई पर विचार करने और ''इस तूफान से उबारने'' की अपील की। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को अक्षरशः लागू करने की जोरदार वकालत करते हुए कहा कि यह शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगी, जिससे देश के विकास को गति मिलेगी। धनखड़ पांडिचेरी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं। उन्होंने यह बात उन राजनीतिक दलों की ओर परोक्ष रूप से इशारा करते हुए कही जो पुडुचेरी में एनईपी के कार्यान्वयन का विरोध कर रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि नीति का उद्देश्य हिंदी थोपना है। उन्होंने कहा कि तीन दशकों के अंतराल के बाद प्रस्तुत की नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत की शैक्षणिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण क्षण है। विश्वविद्यालय में धनखड़ ने कहा, ''पिछले दशक में अभूतपूर्व विकास के परिणामस्वरूप भारत दुनिया का सबसे महत्वाकांक्षी राष्ट्र है। हम भाषाओं को लेकर कैसे विभाजित हो सकते हैं?'' उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई भी देश भाषाओं के मामले में भारत जितना समृद्ध नहीं है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि संस्कृत का वैश्विक महत्व है और तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, ओडिया, मराठी, पाली, प्राकृत, बांग्ला और असमिया के साथ 11 शास्त्रीय भाषाएं हैं। धनखड़ ने कहा, ''संसद में सदस्यों को 22 भाषाओं में बोलने की अनुमति है। हमारी भाषाएं समावेशिता का संकेत देती हैं। सनातन एक ही महान उद्देश्य के लिए एकजुट होना सिखाता है।''

## राजा रघुवंशी हत्याकांड : अपराध का किया गया नाट्य रुपांतरण, जांच के लिए एसआईटी इंदौर पहुंची

**शिलांग :** इंदौर के व्यवसायी राजा रघुवंशी की हत्या की जांच कर रहा मेघालय पुलिस का विशेष जांच दल (एसआईटी) यह पता लगाने के लिए मध्यप्रदेश पहुंचा है कि हत्या के पीछे कोई वित्तीय मकसद तो नहीं है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस राजा रघुवंशी की पत्नी सोनम समेत हत्या के सभी आरोपियों को यहां से लगभग 65 किलोमीटर दूर सोहरा ले गयी और भारी सुरक्षा के बीच इस अपराध का नाट्य रुपांतरण किया। पूर्वी खासी हिल्स जिले के सोहरा इलाके में राजा रघुवंशी की 23 मई को वेइसाडोंग फॉल्स के पास एक पार्किंग स्थल में छुरा घोंपकर हत्या कर दी गई थी और उनके शव को एक निकटवर्ती घाटी में फेंक दिया गया था। राजा रघुवंशी और उनकी पत्नी अपने हनीमून पर थे, जब कथित तौर पर तीन हत्यारों - विशाल, आनंद और आकाश - ने उनकी हत्या कर दी थी, जिन्हें उनकी पत्नी के प्रेमी राज कुशवाह ने भेजा था। जिन लोगों को इस हत्याकांड में गिरफ्तार किया गया है उनमें राज एक है। जिला पुलिस अधीक्षक विवेक सायम ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''हमारी टीम इंदौर में है और कुछ लोगों से पूछताछ कर रही है। वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या राजा की मौत से किसी को फायदा हुआ है।'' उन्होंने बताया कि टीम ने उस फ्लैट पर छापा मारा, जहां सोनम मेघालय से भागने के बाद रुकी थी, लेकिन वह फ्लैट खाली मिला। पुलिस अधीक्षक ने बताया, ''एसआईटी इंदौर में डेरा डाले रहेगी। वह पृष्ठभूमि की छानबीन करेगी और पता लगाएगी कि क्या प्रेम त्रिकोण के अलावा कोई और पहलू है, क्योंकि आरोपी पहले ही इस प्रेम त्रिकोण को स्वीकार कर चुके हैं।''

### सोनम की 'शरणस्थली' वाले फ्लैट में पहुंची मेघालय पुलिस, राजा रघुवंशी के परिजनों से पूछताछ

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड की कड़ियां जोड़ने के लिए मेघालय पुलिस का एक दल मंगलवार को इंदौर में एक फ्लैट में पहुंचा जिसमें इस वारदात के बाद मुख्य आरोपी सोनम के कुछ दिन तक छिपने का संदेह है। मध्यप्रदेश पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''मेघालय पुलिस का एक दल शहर के देवास नाका क्षेत्र के एक फ्लैट में पहुंचा और इसमें जांच की।

## बिट्टू बजरंगी ने जान से मारने की धमकी मिलने का आरोप लगाया, पुलिस ने मामला दर्ज किया

**फरीदाबाद :** नूंह हिंसा मामले में आरोपी गोरक्षक बिट्टू बजरंगी ने पुलिस से संपर्क करके आरोप लगाया है कि उसे एक वीडियो के माध्यम से जान से मारने की धमकी मिली है। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। बजरंगी उर्फ राजकुमार पांचाल ने आरोप लगाया कि एक युवक ने उसे ईद पर जान से मारने की धमकी देते हुए कहा था कि ''बकरा काटने के बजाय बिट्टू बजरंगी को टुकड़ों में काट दो और कुत्तों को खिला दो।'' अधिकारियों ने बताया कि फरीदाबाद के सारन थाने में मामला दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। बजरंगी की शिकायत के अनुसार, वीडियो पुलिस को सौंप दिया गया है और इसमें एक युवक ईद पर धमकी देता हुआ दिखायी दे रहा है। बजरंगी ने अपनी शिकायत में कहा, ''वह कह रहा था कि इस बार बकरे की जगह बिट्टू बजरंगी को काट दो और उसे (उसके शव को) कुत्तों को खिला दो। इस वीडियो के जरिए जान से मारने की सीधी धमकी दी गई है।'' पुलिस ने बताया कि शिकायत के बाद सोमवार को सारन थाने में बीएनएस की धारा 196(1) और 350(2) के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि बजरंगी पर नूंह में हुए दंगों का आरोप है और उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं और अदालत में लंबित हैं। पुलिस ने बताया कि फिलहाल वह जमानत पर है। पुलिस ने बताया कि अप्रैल में भी उसके मोबाइल पर किसी अज्ञात कॉलर ने जान से मारने की धमकी दी थी।

## भारत ने 2024 में अपने परमाणु हथियारों का जखीरा बढ़ाया : सिपरी



**नयी दिल्ली :** भारत और पाकिस्तान सहित दुनिया के लगभग सभी नौ परमाणु हथियार संपन्न देशों ने 2024 में अपने परमाणु हथियारों को न केवल उन्नत बनाने की प्रक्रिया को जारी रखा बल्कि अपने हथियारों का जखीरा बढ़ाया भी है। वैश्विक विचारक समूह स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) ने अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) ने एक बयान में कहा कि ऐसा अनुमान है कि भारत ने 2024 में एक बार फिर अपने परमाणु हथियारों के जखीरे का 'थोड़ा विस्तार' किया है और नयी प्रकार की परमाणु हथियार प्रणालियों का विकास जारी रखा है। सिपरी की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान ने 2024 तक परमाणु हथियारों की नयी वितरण प्रणालियां विकसित करना और परमाणु हथियारों में इस्तेमाल होने वाली सामग्री एकत्रित करना भी जारी रखा है। पाकिस्तान की योजना आगामी दशक में अपने परमाणु हथियारों का जखीरा बढ़ाने की है। विचारक समूह सिपरी ने सोमवार को अपनी वार्षिक पुस्तक-2025 में शस्त्रीकरण, निरस्त्रीकरण और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति का अपना वार्षिक मूल्यांकन जारी किया। वार्षिक पुस्तक के विमोचन पर दिए गए वक्तव्य में भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए सैन्य संघर्ष का भी उल्लेख किया गया है। सिपरी ने अपनी वार्षिक पुस्तक में शस्त्रीकरण, निरस्त्रीकरण और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति का देशवार मूल्यांकन प्रस्तुत किया है।

## विमान हादसा : डीएनए मिलान से 163 मृतकों की पहचान हुई

### 124 शव परिजन को सौंपे गए

**अहमदाबाद :** अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना के पांच दिन बाद, अब तक डीएनए मिलान के जरिये 163 मृतकों की पहचान कर ली गई है और 124 शव परिजन को सौंप दिये गए हैं। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। मृतकों की पहचान करने के लिए अधिकारी डीएनए जांच कर रहे हैं, क्योंकि 12 जून को हुई विमान दुर्घटना में कई शव इतने बुरी तरह से जल गए हैं कि उनकी पहचान नहीं की जा सकती। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने कहा, ''अभी तक 163 डीएनए नमूनों का मिलान कर लिया गया है और 124 शव संबंधित परिवारों को सौंप दिए गए हैं। बाकी शव जल्द ही (पहचान के बाद) सौंप दिये जाएंगे।'' जोशी ने बताया कि दुर्घटना के बाद अस्पताल में भर्ती 71 घायलों में से नौ का उपचार जारी है, जबकि दो की इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने उन खबरों को खारिज किया, जिनमें दावा किया गया था कि सिविल अस्पताल से संबद्ध बीजे मेडिकल कॉलेज के दो और एमबीबीएस छात्र दुर्घटना में मारे गए हैं। जोशी ने कहा, ''मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि दुर्घटना में बीजेएमसी के केवल चार छात्र मारे गए थे और इस संख्या में कोई बदलाव नहीं हुआ है। जो दो डॉक्टर मारे गए, उनमें से एक विमान में सवार था जबकि दूसरा सूरत का था और अपनी बहन से मिलने छात्रावास आया था, जिसने एक रेजिडेंट डॉक्टर से शादी की थी।''

## असम और मेघालय में अगले दो दिनों में बेहद भारी बारिश का पूर्वानुमान, रेड अलर्ट जारी



**गुवाहाटी :** असम और मेघालय में अगले दो दिनों में बिजली चमकने और गड़गड़ाहट के साथ-साथ अत्यधिक भारी वर्षा के पूर्वानुमान के मद्देनजर गृह मंत्रालय (एमएचए) ने दोनों राज्यों के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया है। एमएचए ने संबंधित राज्य सरकारों से लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है। मंगलवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बुधवार और बृहस्पतिवार को 'रेड अलर्ट' लागू रहेगा, जबकि शुक्रवार को दोनों राज्यों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, मौसम के 'पैटर्न' से प्रतीत होता है कि अगले कुछ दिनों में राज्य के विभिन्न जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा हो सकती है। इससे जल-जमाव हो सकता है, वाहनों की आवाजाही धीमी हो सकती है और संवेदनशील क्षेत्रों में भूस्खलन का खतरा बढ़ सकता है। स्थानीय अधिकारी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणालियों को अलर्ट किया गया है। दैनिक यात्रियों और लंबी दूरी के यात्रियों से अनुरोध किया गया कि वे अपनी दिनचर्या तदनुसार बनाएं तथा तीव्र वर्षा के दौरान अनावश्यक आवागमन से बचें।

## दिल्ली विश्वविद्यालय ने सत्र 2025-26 के लिए स्नातक प्रवेश पोर्टल शुरु किया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली विश्वविद्यालय ने मंगलवार को स्नातक पाठ्यक्रमों में 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए दाखिले की प्रक्रिया शुरू करते हुए अपना 'कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस)' पोर्टल शुरु किया। विश्वविद्यालय की 'डीन' (अकादमिक) हनीत गांधी ने प्रेसवार्ता में बताया कि अब विद्यार्थी सीएसएएस पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने बताया, ''विश्वविद्यालय के 69 कॉलेजों में कुल 71,624 सीट पर 79 पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश दिया जाएगा।'' गांधी ने कहा कि करियर उन्मुख शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय ने 'इनोवेटिव स्किल-बेस्ड कोर्सेज सेंटर (सीआईएसबीसी)' के तहत कौशल आधारित कई पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश शुरू किये हैं। इन पाठ्यक्रमों में 'एसी-रेफ्रिजरेटर' मरम्मत, 'एनीमेशन' और 'मोशन ग्राफिक्स', बेकरी तथा हलवाई का काम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सभी स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) के अंकों के आधार पर होगा। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति योगेश सिंह ने बताया कि इस वर्ष दो नये स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम भी शुरू किए जा रहे हैं जिनमें 'एमए (स्नातोकोत्तर) टूरिज्म मैनेजमेंट' (50 सीट) और एमए (स्नातोकोत्तर) हिंदी पत्रकारिता शामिल है। स्नातक दाखिला प्रक्रिया दो चरणों में आयोजित की जाएगी।

## असम सरकार ने गैस रिसाव से प्रभावित 350 परिवारों को 25-25 हजार रुपये की मदद की घोषणा की

**डिब्रूगढ़ (असम) :** असम सरकार ने शिवसागर जिले में ओएनजीसी के तेल कुएं से गैस रिसाव से प्रभावित 350 परिवारों को 25-25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का मंगलवार को ऐलान किया। इस कुएं से छठे दिन भी गैस रिसाव हो रही है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सहायता की घोषणा करते हुए कहा कि पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रिसाव के संबंध में आज में दिल्ली में शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की तथा राज्य और केंद्र सरकार दोनों इस मामले से अवगत हैं। भटियापार के बारीचुक में ओएनजीसी के रुद्रसागर तेल क्षेत्र के रिग नंबर एसकेपी 135 के कुआं नंबर आरडीएस 147 में 12 जून को रिसाव शुरू हुआ था। एक निजी कंपनी एसके पेट्रो सर्विसेज सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी की ओर से कुएं का संचालन कर रही थी। घटना से प्रभावित लोगों से सोमवार शाम को मिलने गए शर्मा ने कहा, शिविर में करीब 350 परिवार हैं और वे चिंतित हैं... मुआवजे पर बाद में काम किया जाएगा। तत्काल राहत के लिए हम मुख्यमंत्री राहत कोष से प्रत्येक परिवार को 25,000 रुपये प्रदान करेंगे।

## पूर्व अग्निवीरों के करियर में प्रगति में सुविधा प्रदान करेगा गृह मंत्रालय

नयी दिल्ली : सशस्त्र बलों में अग्निवीरों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद करियर में उनकी ''आगे की प्रगति के लिए गतिविधियों का समन्वय'' करने का काम केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपा गया है। यह जानकारी एक सरकारी अधिसूचना से मिली। केंद्र ने सोमवार को एक राजपत्र अधिसूचना द्वारा भारत सरकार (कार्य आवंटन) नियम, 1961 में संशोधन किया तथा गृह मंत्रालय के 'राज्य विभाग' के तहत द्वितीय अनुसूची में एक नया बिंदु जोड़ा गया है, जिसमें कहा गया है कि गृह मंत्रालय अब ''पूर्व अग्निवीरों की आगे की प्रगति के लिए समन्वय करेगा।'' सूत्रों ने कहा कि इस संशोधन के साथ, पूर्व-अग्निवीरों की आगे की प्रगति के लिए समन्वय गतिविधियों से संबंधित कार्य को केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व-अग्निवीरों की आगे की प्रगति के समन्वय और निगरानी के लिए, एक ऑनलाइन पोर्टल होगा। गृह मंत्रालय सशस्त्र बलों में चार साल की सेवा पूरी करने के बाद बाहर निकलने वाले अग्निवीरों के करियर की प्रगति को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के साथ ही राज्य और केंद्र शासित प्रदेश की सरकारों के साथ भी समन्वय करेगा। सरकार ने सेना के तीनों अंगों के लिए अग्निपथ भर्ती योजना जून 2022 में शुरू की थी। अग्निपथ योजना के तहत, चयनित होने वाले साढ़े 17 वर्ष से 21 वर्ष की आयु के अभ्यर्थियों को सेना, वायुसेना और नौसेना में अग्निवीर के रूप में चार वर्ष की अवधि के लिए भर्ती किया जाता है तथा 25 प्रतिशत अभ्यर्थियों को अगले 15 वर्षों तक बरकरार रखने का प्रावधान होता है। वहीं 75 प्रतिशत की सेवा समाप्त हो जाती है। सरकार ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) आदि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में कांस्टेबलों की सभी भावी नियुक्तियों में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत नौकरियां पहले ही आरक्षित कर दी हैं।

## उत्तराखंड : हेली सेवा पर लगी रोक समाप्त, खराब मौसम के कारण केदारनाथ के लिए हेलीकॉप्टर नहीं उड़ा

**देहरादून :** उत्तराखंड के केदारनाथ में हेलीकॉप्टर हादसे के बाद चारधाम यात्रा मार्ग पर हेली सेवाओं के संचालन पर दो दिन के लिए लगायी गयी रोक मंगलवार को समाप्त हो गयी लेकिन केदार घाटी में खराब मौसम के कारण केदारनाथ के लिए किसी हेलीकॉप्टर ने उड़ान नहीं भरी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। रविवार को केदारनाथ के निकट आर्यन एवियेशन का एक हेलीकॉप्टर खराब मौसम में कम दृश्यता के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिससे उसमें सवार सात लोगों की मृत्यु हो गयी थी । इस हादसे के बाद चारधाम यात्रा मार्ग पर हेली सेवाएं बंद कर दी गयी थीं। रुद्रप्रयाग के जिला पर्यटन अधिकारी और हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि सरकार ने मंगलवार से हेलीकॉप्टर संचालन की अनुमति प्रदान कर दी थी लेकिन प्रतिकूल मौसम के कारण केदारनाथ के लिए किसी हेलीकॉप्टर ने उड़ान नहीं भरी। मुख्यमंत्री ने रविवार को हेली सेवा बंद करने की घोषणा करते हुए कहा था कि स्थिति की अच्छी तरह से समीक्षा करने के बाद ही यात्रा मार्ग पर हेलीकॉप्टर संचालन शुरू किया जाएगा।

## राहुल गांधी हमेशा सांप्रदायिक तत्वों को बचाना चाहते हैं: हिमंत



**डिब्रूगढ़ (असम) :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस पर हमेशा सांप्रदायिक तत्वों की रक्षा करने और राज्य में मंदिरों में मांस के टुकड़े फेंकने की हालिया घटनाओं में शामिल लोगों को बचाने का मंगलवार को आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने यह टिप्पणी इस महीने की शुरुआत हुई में इस तरह की घटना की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई द्वारा आलोचना किए जाने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में की। गोगोई ने दावा किया था कि इन घटनाओं और उसके बाद हुई झड़पों ने भाजपा नीत सरकार के खुफिया तंत्र की विफलता को उजागर कर दिया है। शर्मा ने कहा कि जो लोग यह दावा करने की कोशिश कर रहे हैं कि हिंदू गाय को मार सकते हैं और फिर उसके अंगों को मंदिर में रख सकते हैं, वे प्रतिक्रिया के भी लायक नहीं हैं। उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''ऐसे लोगों की मानसिकता बहुत अलग होती है।'' गोगोई ने आरोप लगाया था कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले आरएसएस के लोग असम के हर गांव में पैठ बना चुका है और समुदायों के बीच दुश्मनी पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। शर्मा ने कहा, क्या कोई हिंदू व्यक्ति गाय का वध करके उसका एक हिस्सा मंदिर में रख देगा? बचे हुए हिस्सों का क्या होगा? वे कहां गए? मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि स्थानीय लोगों ने स्वीकार किया है कि कुछ ''गुमराह युवक'' इन घटनाओं में शामिल थे।

## अहमदाबाद विमान दुर्घटना: एअर इंडिया पायलट सभरवाल, चालक दल सदस्य पाटिल का अंतिम संस्कार



**मुंबई :** अहमदाबाद में पिछले सप्ताह दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के विमान के पायलट कैप्टन सुमित सभरवाल का अंतिम संस्कार मंगलवार को मुंबई में किया गया। उनके शोकाकुल पिता अपने बेटे को अंतिम विदाई देते समय बिलख पड़े। संबंधित घटनाक्रम में, एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई-171 की चालक दल की सदस्य मैथिली पाटिल का रायगढ़ जिले में अंतिम संस्कार किया गया, जहां बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी, रिश्तेदार और मित्र उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे। सभरवाल और पाटिल दोनों के पार्थिव शरीर दुर्घटना के लगभग एक सप्ताह बाद आज दिन में अहमदाबाद से मुंबई लाये गए थे। एक अधिकारी ने बताया कि सभरवाल का अंतिम संस्कार परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में उपनगरीय चकला स्थित विद्युत शवदाह गृह में किया गया। अधिकारी ने बताया कि 56 वर्षीय अनुभवी पायलट का अंतिम संस्कार करने के बाद उनके पिता और परिवार के अन्य सदस्य पूर्वाह्न करीब 11.15 बजे श्मशान घाट से चले गए। इससे पहले सुबह सभरवाल का पार्थिव शरीर एक ताबूत में रखकर विमान से सुबह मुंबई हवाई अड्डे लाया गया। इसके बाद सभरवाल के परिवार के सदस्य पार्थिव शरीर को पवई के जलवायु विहार स्थित उनके आवास ले गए। सभरवाल के कई मित्र और रिश्तेदार तथा स्थानीय निवासी श्रद्धांजलि देने के लिए उनके आवास के बाहर एकत्र हुए। सभरवाल के घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में व्यवसायी निरंजन हीरानंदानी और स्थानीय विधायक दिलीप लांडे शामिल थे। दिवंगत पायलट के बुजुर्ग पिता पुष्करराज भावुक हो गए और उन्होंने हाथ जोड़कर अपने बेटे को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

## रेलवे बोर्ड राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 155 वीं बैठक का आयोजन

### रेलवे बोर्ड ने 25 कर्मियों को राजभाषा में उत्कृष्ट योगदान के लिए किया सम्मानित



**नई दिल्ली :** रेल भवन में रेलवे बोर्ड राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 155 वीं बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता सदस्य (परिचालन व व्यावसायिक विकास) श्री हितेंद्र मल्होत्रा ने की। उन्होंने बैठक में राजभाषा पत्रिका 'रेल राजभाषा' के 141 वें अंक का विमोचन किया। साथ ही 'रेलबानी' (भारतीय रेल - क्षेत्रीय भाषाओं का मेल) पुस्तिका का भी विमोचन किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने रेलवे बोर्ड के राजभाषा निदेशालय द्वारा राजभाषा के प्रगामी प्रयोग हेतु किये जा रहे प्रयासों एवं कार्यक्रमों के प्रति संतुष्टि व्यक्त की और यह सुझाव दिया कि बैठक में हिंदी साहित्यकारों की कृतियों एवं हिंदी साहित्य में उनके योगदान संबंधी प्रस्तुतीकरण भी दिखाया जाए, जिससे सदस्यों को हिंदी साहित्य की जानकारी प्राप्त हो। इस अवसर पर सदस्य (वित्त) सुश्री उषा वेणुगोपाल ने समिति के सदस्यों को राजभाषा के बेहतर कार्यान्वयन हेतु कार्य करने का सुझाव दिया। सदस्य (कर्षण व चल स्टॉक) श्री बी एम अग्रवाल ने कहा कि राजभाषा का प्रयोग हमारा संवैधानिक दायित्व है। अत: सभी सदस्यों को राजभाषा के प्रयोग संबंधी लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अनवरत प्रयास करते रहने की सलाह दी। महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को राजभाषा के प्रयोग-प्रसार की अनिवार्यता का उल्लेख किया। अपर सदस्य (मानव संसाधन) सुश्री वी जी भूमा ने अपने स्वागत भाषण से बैठक का शुभारंभ किया और कार्यपालक निदेशक, स्थापना (श्रम कानून) श्री सुधीर कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस बैठक में मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए रेलवे बोर्ड एवं अधीनस्थ उपक्रमों में राजभाषा निष्पादन की समीक्षा की गई। तत्पश्चात क्षेत्रीय रेलों में राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देनेवाले 25 कर्मियों को कमलापति त्रिपाठी राजभाषा स्वर्ण पदक एवं रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक से सम्मानित किया गया।

